श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 174, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 23 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट




## पीएम मोदी ने 70 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे

### देश में 20 से भी ज्यादा राज्यों में 44 जगहों पर इसका आयोजन किया गया

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री न**रेंद्र मोदी ने शनिवार (22 जुलाई) सातवें रोजगार मेले में 70 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपा। देश में 20 से भी ज्यादा राज्यों में 44 जगहों पर इसका आयोजन किया गया। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना उनकी सरकार के दौरान हुए फोन बैंकिंग घोटाले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने नौकरी पाने वाले युवाओं से कहा कि 1947 में आज (22 जुलाई) ही के दिन संविधान सभा ने तिरंगे का डिजाइन फाइनल किया था। आज के दिन आपको नौकरी मिलना प्रेरणादायक बात है। सरकारी नौकरी में रहते हुए आपको हमेशा ये कोशिश करनी है कि तिरंगे की आन-बान-शान में कोई आंच न आए। इस मौके पर पीएम मोदी ने देश के बैंकिंग सेक्टर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में फोन बैंकिंग घोटाला हुआ था, जिससे बैंकिंग सेक्टर की कमर टूट गई थी। 2014 में हमने बैंकिंग इंडस्ट्री को फिर खड़ा करने की कोशिश शुरू की और आज भारत का बैंकिंग सिस्टम दुनिया के सबसे मजबूत सिस्टम में गिना जाता है।

8 महीने में 4.33 लाख लोगों को मिला जॉइनिंग लैटर: 22 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब पीएम ने कहा था- हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है। पीएम ने पिछले 8 महीनों में 6 रोजगार मेलों में 4 लाख 33 हजार से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लैटर दिए हैं।

पिछली सरकार ने बैंकिंग सेक्टर को बर्बाद



किया था: पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत उन देशों में शामिल है जहां बैंकिंग इंडस्ट्री सबसे मजबूत मानी जाती है, लेकिन 9 साल पहले ऐसे हालात नहीं थे। पिछली सरकार के दौरान हमारे बैंकिंग क्षेत्र ने बड़े पैमाने पर विनाश देखा है। आज हम डिजिटल लेनदेन करने में सक्षम हैं, लेकिन 9 साल पहले जो सरकार थी, उस दौरान फोन बैंकिंग 140 करोड़ लोगों के लिए नहीं थी। मोदी ने कांग्रेस का नाम लिए बगैर कहा कि जो लोग एक खास परिवार के करीबी थे, वे बैंकों को फोन करते थे और उन्हें हजारों करोड़ रुपए के लोन मिल जाते थे। ये लोन कभी चुकाए नहीं जाते थे। इनकी भरपाई के लिए और लोन दिए जाते थे।

यह 'फोन बैंकिंग घोटाला' पिछली सरकार के दौरान हुए सबसे बड़े घोटालों में से एक था। पीएम ने कहा कि इस घोटाले की वजह से बैंकिंग सेक्टर की कमर टूट गई। 2014 में हमने अपने बैंकिंग क्षेत्र को पुनर्जीवित करना शुरू किया। हमने देश में सरकारी बैंकों के प्रबंधन को मजबूत किया। हमने कई छोटे बैंकों को मिलाकर बड़े बैंक बनाए। सरकार ने 'दिवालियापन संहिता' कानून इसलिए बनाया, ताकि अगर कोई बैंक बंद हो तो उसे कम से कम नुकसान हो।

### इन विभागों में मिलेगी नियुक्तिदेशभर से चुने गए

**युवाओं** को राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, जल संसाधन विभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और गृह मंत्रालय में नियुक्ति मिलेगी।बॉक्स13 केंद्रीय मंत्री भी रोजगार मेले का हिस्सा बनेसातवें रोजगार मेले में अलग-अलग राज्यों से केंद्रीय मंत्री भी जुड़े। अहमदाबाद से मनसुख मांडविया, शिमला से अनुराग सिंह ठाकुर, मुंबई से स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल, नागपुर से नितिन गडकरी, जयपुर से अश्विनी वैष्णव, पटना से केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस, वडोदरा से पुरषोत्तम रूपाला, फरीदाबाद से भूपेंद्र यादव, बेंगलुरु से प्रहलाद जोशी, चंडीगढ़ से हरदीप सिंह पुरी, सिकंदराबाद से जी किशन रेड्डी और सागर से डॉ. वीरेंद्र कुमार रोजगार मेले में शामिल हुए।पिछले रोजगार मेले में पीएम ने क्या कहा था?13 जून को आयोजित छठे रोजगार मेले को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- आजादी के अमृतकाल में जिन युवाओं को नौकरी मिली है, अगले 25 साल में इन लोगों को विकसित भारत के सपने को साकार करना है। आज पूरी दुनिया हमारी विकास यात्रा में साथ चलने को तत्पर है। भारत को लेकर विश्वास और हमारी अर्थव्यवस्था पर इतना भरोसा पहले कभी नहीं रहा।बॉक्स'भारत को 'विकसित भारत' बनाने का संकल्प लिया' प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में प्रत्येक नागरिक ने भारत को 'विकसित भारत' बनाने का संकल्प लिया है।

## योगी सरकार ने रचा इतिहास

### उप्र में एक दिन में रोपे गये 30 करोड़ से अधिक पौधे, बिजनौर और मुजफ्फरनगर में मुख्यमंत्री, प्रदेश के अन्य जनपदों में मंत्रियों ने रोपे पौधे



**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश में शनिवार को व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण महाभियान-2023 चलाया गया। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने छाता मथुरा में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर एवं मुजफ्फरनगर में गंगा किनारे पौधरोपण कर इस महाभियान का शुभारंभ किया। वहीं प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों ने भी अलग-अलग जिलों में पौधे रोपित किये। शाम पांच बजे तक प्रदेश में 30,21,51,570 पौधे रोपित किये गये, जो कि सरकार के लक्ष्य 30 करोड़ से 21 लाख से भी अधिक है।

मुख्यमंत्री ने बताया पौधरोपण लोकपर्व: वृक्षारोपण महाभियान 2023 को मिली अप्रत्याशित सफलता के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में पौधरोपण लोकपर्व बताते हुए कहा कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उत्तर प्रदेश में आज एक दिन में 30 करोड़ से अधिक पौधरोपण का कीर्तिमान बनाया गया है। माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः के भाव को आत्मसात कर सभी 18 मंडलों और 75 जनपदों में अभूतपूर्व उत्साह-उमंग-उल्लास के साथ जन-जन ने इस पुनीत कार्य में सहभाग किया। योगी ने कहा, ह्यह्यआज का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ-समृद्ध-हरित परिवेश प्रदान करने में सहायक होगा। इस अभिनंदनीय योगदान के लिए सभी जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, सामाजिक संगठनों तथा शासन-प्रशासन सहित समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई-अभिनंदन।

हरीतिमा अमृत वन ऐप 3.1 पर मिलेगा रियल टाइम अपडेट: शनिवार को हुए वृक्षारोपण महाभियान 2023 के अंतर्गत वन भूमि, रक्षा, रेलवे की भूमि, ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेस वे, सड़क, नहर, रेल पटरी के किनारे, विकास प्रधिकरण, औद्योगिक परिसर, चिकित्सा संस्थान, शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों की निजी भूमि, नागरिकों द्वारा निजी परिसर में बड़े स्तर पर पौधरोपण किया गया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि अभियान को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए योगी सरकार ने एण्ड्रायड आधारित हरीतिमा अमृत वन मोबाइल एप वर्जन 3.1 विकसित किया है।

मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि पिछली सरकारों की तरह पौधरोपण अभियान केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित न रहे, बल्कि इसको लेकर पूरी पारदर्शिता और पौधों की प्रभावी मॉनीटरिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। यही कारण रहा कि इस साल पौधों की जियो टैगिंग की मुकम्मल व्यवस्था की गई है। साथ ही वन विभाग ने भी टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग किया है।

## श्रीनगर में तेज धार वाले हथियारों पर बैन

**श्रीनगर: जम्मू**-कश्मीर के श्रीनगर में तेज धार वाले हथियारों पर बैन लगा दिया गया है। यहां अब तेज धार वाले हथियार खरीदे और बेचे नहीं जा सकेंगे। लोग पब्लिक प्लेस पर भी ऐसे हथियार लेकर नहीं निकल सकेंगे। जिन लोगों के पास ये हथियार हैं, उन्हें 3 दिन के भीतर इन्हें नजदीकी पुलिस थानों में जमा कराना होगा। श्रीनगर के डीएम मोहम्मद ऐजाज असद ने यह आदेश जारी किया है। शहर में हाल ही में हुई चाकूबाजी की घटनाओं को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। श्रीनगर रर-ढ के मुताबिक, कमरवारी, बेमिना, क्रालपोरा।

## एआई पर भारत के साथ मिलकर काम करेगा अमेरिका



वाशिंगटन: अमेरिका ने आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस (एआई) पर भारत के साथ मिलकर काम करने की बात कही है। प्रमुख अमेरिकी कंपनियों के साथ विचार-विमर्श में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की वैज्ञानिक सलाहकार आरती प्रभाकर ने इस क्षेत्र में जवाबदेही सुनिश्चित करने को कानून बनाने की बात भी कही। आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में काम कर रही गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, मेटा सहित प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में प्रभाकर ने कहा कि अमेरिकी सरकार तकनीक की दिग्गज कंपनियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक का गलत इस्तेमाल न हो। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक तकनीक का दौर है और तकनीक हर किसी की जिंदगी को प्रभावित कर रही है। ऐसे में हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत सहित समान सोच वाले देशों के साथ मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक के क्षेत्र में काम किया जाए। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल ही में हुई अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए प्रभाकर ने कहा कि इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक पर बात हुई। अन्य वैश्विक नेता भी जब राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलते हैं, तो उनके दिमाग में भी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का मुद्दा होता है।

जब प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया था, तब भी उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर बात की थी। प्रभाकर ने कहा कि हम इस दिशा में काम कर रहे हैं कि कंपनियों को जवाबदेह ठहराया जाए और इसके लिए कानून बनाने की भी तैयारी की जा रही है। इससे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के नुकसानों से निपटने की हमारी क्षमता में इजाफा होगा।

## मातृभाषा में 12वीं तक की शिक्षा के लिए विकल्प देना सराहनीय कदम : शाह

**नई दिल्ली: केंद्रीय गृह** एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से मातृभाषा में 12वीं तक की शिक्षा के लिए विकल्प देना सराहनीय कदम है। शाह ने शनिवार को ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा में शिक्षा मिलने से उनके चिंतन, तर्क एवं अनुसंधान की क्षमता में बढ़ोतरी तो होगी ही, साथ ही इस पहल से अधिक से अधिक छात्र अब सीबीएसई के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई ने अपने सभी विद्यालय प्रमुखों को बालवाटिका से 12वीं कक्षा तक भारतीय भाषाओं में शिक्षा का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए परिपत्र भेजा है। सीबीएसई के निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. जोसफ इमानुवल ने शुक्रवार को बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुख को पत्र भेज कर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में युवा शिक्षार्थियों के।

### वाराणसी में 30 देशों के 1600 मंदिर प्रबंधकों का महासम्मेलन कर आयोजन करिए

## देश और संस्कृति के लिए त्याग करें: मोहन भागवत

**वाराणसी: वाराणसी** में शनिवार को 30 देशों के 1600 मंदिरों का महासम्मेलन शुरू हुआ। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में इसका शुभारंभ किया। भागवत ने कहा, "हमें गली की छोटी-छोटी मंदिरों की सूची बनानी चाहिए। वहां रोज पूजा हो, सफाई रखी जाए। मिलकर सभी आयोजन करें। संगठित बल साधनों से संपूर्ण करें। मंदिरों को अपना-उनका छोड़कर एक साथ आगे आएं। जिसको धर्म का पालन करना है वो धर्म के लिए सजग रहेगा। निष्ठा और श्रद्धा को जागृत करना है।



छोटे स्थान पर छोटे से छोटे मंदिर को समृद्ध बनाना है। समय आ गया है, अब देश और संस्कृति के लिए त्याग करें।"


'समाज को एक लक्ष्य में चलाने के लिए मठ-मंदिर चाहिए: मंदिर हमारी परंपरा का अभिन्न अंग हैं। पूरे समाज को एक लक्ष्य लेकर चलाने के लिए मठ-मंदिर चाहिए। कभी हम गिरे, कभी दूसरों ने धक्का मारा... लेकिन हमारे मूल्य नहीं गिरे। हमारे जीवन का लक्ष्य एक ही है... हमारा कर्म और धर्म। यह लोक भी ठीक करेगा और परलोक भी। हमारे मंदिर, आचार्य, देवस्थान, यति साथ चलते हैं, तभी सृजन के लिए हैं।

भागवत बोले- कुछ मंदिर सरकार तो कुछ समाज के हाथ में: मोहन भागवत ने कहा, "मंदिर को नई पीढ़ी को संभालना है तो उन्हें ट्रेनिंग दें। अपने साधन और संसाधन को एक करके अपनी कला और कारीगरी को सशक्त करें। समाज के कारीगर को प्रोत्साहन मिले तो वह अपने को मजबूत करेगा। मंदिर सत्यम-शिवम-सुंदरम की प्रेरणा देते हैं। मंदिर की कारीगरी हमारी पद्धति को दिखाते हैं।

## उप्र: गर्मी बढ़ने से बिजली की मांग 27,622 मेगावॉट तक पहुंची

**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश में गर्मी और उमस बढ़ने के कारण विद्युत मांग रिकॉर्ड स्तर तक 27,622 मेगावॉट तक पहुंच गई है। बिजली विभाग का दावा है कि इस बढ़ी हुई ऐतिहासिक मांग के अनुरूप उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन ने विद्युत आपूर्ति कर नया रिकॉर्ड बनाया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज का कहना है कि जून माह में बिजली की मांग 27,611 मेगावाट तक गई थी, जिसे कॉरपोरेशन ने पूरा कर एक नया रिकॉर्ड दर्ज कराया था। उन्होंने कहा कि जुलाई में गर्मी और उमस बढ़ने से आज नया रिकार्ड बना है। एम देवराज ने कहा कि प्रदेश में सभी क्षेत्रों को निश्चित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

विद्युत व्यवस्था के लिए दो माह चुनौतीपूर्ण:



अध्यक्ष ने विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी दो महीने विद्युत व्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण है। अतः इस समय आपूर्ति व्यवस्था बाधित न हो सबको शेड्यूल के अनुरूप विद्युत प्राप्त हो, इसके लिए पूरी सावधानी बरतें। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हों तो उन्हें अति शीघ्र बदला जाए। ट्रॉली ट्रांसफार्मर रिर्जव में उपलब्ध रहे। अधिकारी अपना फोन उठाएं साथ ही 1912 पर आ रहे सूचना या शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे अपना विद्युत बिल समय से जमा करें तथा ऐसा कोई नियम विरुद्ध कार्य न करें जिससे विद्युत व्यवस्था संचालन में नकारात्मक प्रभाव पड़े। निगम हमेशा विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के लिए संवेदनशील है।

## पंजाब से करतारपुर साहिब यात्रा फिर शुरू होने के आसार

### पाक स्थित गुरुद्वारे के ग्रंथी बोले- यहां हालात ठीक हैं; गुरदासपुर प्रशासन की टीम करेगी दौरा



**अमृतसर: श्री करतारपुर** कॉरिडोर में भारी बारिश के कारण ओवरफ्लो होकर रावी नदी का पानी भरने से श्री करतापुर साहिब की यात्रा बंद कर दी गई थी। तीर्थयात्रा को गुरुवार को बंद कर दिया गया था, लेकिन पाक सरकार ने इसे दोबारा शुरू करने की अपील की है। वहीं श्री करतारपुर साहिब के हेड ग्रंथी ने वीडियो जारी करके सामान्य हालातों के बारे में भी बताया है। करतारपुर कॉरिडोर का प्रबंधन करने वाली परियोजना प्रबंधन इकाई के उप सचिव राणा तारिक ने बीती शाम बताया कि पाकिस्तान की ओर करतारपुर कॉरिडोर में बाढ़ या बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है। उन्होंने भारतीय पक्ष से तीर्थयात्रा को तुरंत फिर से शुरू करने का आग्रह किया है। जीरो लाइन पर वर्तमान में सब सामान्य: एक वीडियो संदेश में गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के मुख्य ग्रंथी गोबिंद सिंह ने कहा कि कुछ दिन पहले रावी नदी में बाढ़ आ गई थी ।

## प्रयागराज में एक दिन में 64 लाख पौधारोपण

# सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल परिसर में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने किया पौधरोपण

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** डिप्टी सीएम ने वृहद पौधरोपण जन अभियान-2023 का शुभारंभ किया। शनिवार को प्रयागराज में 64 लाख पौधे लगाए गए। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भगवतपुर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल अस्पताल परिसर में पौधे लगाकर इस अभियान का श्रीगणेश किया। उन्होंने हरिशंकर वाटिका में पौधा लगाया। केशव प्रसाद ने कहा, आज पूरे प्रदेश व प्रयागराज के लिए ऐतिहासिक दिन है, कि एक साथ इतनी बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए। बोले, आज हम सबके सामने वन और जल को बचाने की चुनौती है, अगर हमें आने वाली पीढ़ियों को बचाना है, तो हमें पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर रखना होगा, जिसके लिए हमें बड़े पैमाने पर पौधरोपण करना होगा। पौधों का रोपण ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना भी महत्वपूर्ण है। उप मुख्यमंत्री ने पौधारोपण के केत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों, ग्राम प्रथान, वन रक्षकों, एनसीसी के बच्चों कोकिया प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, विधायक शहर पश्चिमी सिद्धार्थ नाथ सिंह, अवधेश चन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक दीपक पटेल के अलावा प्रमुख सचिव व नोडल आर. रमेश कुमार, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, सीडीओ गौरव कुमार, वन आअधिकारी महावीर कोलागजी। स्कूल व कॉलेजों में भी हुआ पौधारोपण। वहीं शनिवार को शहर से लेकर गांव तक पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसमें स्कूल व कॉलेजों के साथ साथ सभी सरकारी दफ्तरों में भी पौधरोपण किया गया।

### सरकारी ठेकेदार के यहां पकड़ी गई लाखों की कर चोरी

**प्रयागराज।** कटरा में बिल्डिंग मटेरियल्स और सरकारी ठेकेदार के यहां लंबे समय से चल रही कर चोरी की सूचना पर जीएसटी की टीम ने छापामार दस्तावेज की जांच किया। जांच के दौरान अधिकारियों ने लाखों का कर चोरी पकड़ी। कटरा निवासी ठेकेदार के यहां निर्धारण से कम कर जमा करने का मामला सामने आया है। जीएसटी अधिकारियों की दो टीम एक साथ कटरा स्थित सरकारी ठेकेदार के कार्यालय पर और दूसरी टीम सरायममरेज क्षेत्र में सीमेंट, सरिया व्यावसायी के यहां छापामार कार्रवाई करने गई। यहां से लाखों की कर चोरी पकड़ी है। जीएसटी अधिकारी सभी दस्तावेज जब्त कर आगे जांच कर रहे हैं।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों के समान चोरी

**मऊआइमा।** चोरों ने प्रयागराज - प्रतापगढ़ नेशनल हाइवे पर स्थित सरपताही नहर के पास एक बाइक एजेंसी के बगल कमरे में रखे नया और कबाड का बाइकों का सामान चोर दरवाजे का ताला तोड कर चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी दुकानदार श्याम मूर्ति मौर्या ने हजारो रुपया का सामान चोरी होने की तहरीर मऊआइमा थाने में दी है। मौके पर डायल 112 नम्बर पहुच कर मौका मुआयना किया।

## न्यूज झरोखा

### छात्र की शिकायत पर अभिभावक ने क्लाश रूम में शिक्षक की फावड़े से की पिटाई, केस दर्ज



**करछना।** थाना क्षेत्र के धरवारा गांव में स्थित जी एस अकैडमी के गणित के शिक्षक अर्पित तिवारी पुत्र प्रेम शंकर तिवारी निवासी केचुहा थाना करछना शुक्रवार को दोपहर कक्षा में बच्चे शोरगुल कर रहे थे। जिसे शांत करने के लिए शिक्षक अर्पित तिवारी ने मना किया। लेकिन वह छात्र नहीं मान रहा था । जिसे शिक्षक ने छड़ी से मार दिया। जिससे उक्त छात्र के दाहिने हाथ में छड़ी से छोटी सी चोट लग गई। जिसके बाद छात्र के घर से स्वजनों ने कक्षा के अंदर घुस कर अर्पित तिवारी को फावड़े से बुरी तरह से हमला कर दिया। जिससे उसके तथा शरीर पर गंभीर चोट आई विद्यालय में मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करके उसकी जान बचाई । जिसके विरोध में शिक्षक के स्वजन और स्कूल के अध्यापक करछना थाने में? आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

### डाकखाने के पास गिरा पेड़, 11 हजार के तीन विद्युत पोल क्षतिग्रस्त, सैकड़ो घरों की कई घण्टे गुल रही बिजली



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के डाकखाना के समीप शुक्रवार की देर रात एक विशाल पेड़ विधुत पोल पर गिर गया। जिससे ग्यारह लाइन के तीन खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। लगभग सैकड़ो घरों में कई घंटे अंधेरे में रहे। जेल रोड पॉवर हाउस की टीम कई घंटे मशक्कत के बाद देर रात तक लाइट शुचारु करने में डटी रही। जेल रोड पावर हाउस के जेई विपिन कुमार यादव ने बताया कि नैनी डाकखाना के पास जर्जर पेड़ 1100 केवी के तीन खंभे को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे कई दर्जन घरों की विधुत आपूर्ति बाधित हो गई। मौके पर जेल रोड पावर हाउस की टीम कई घंटे मशक्कत के बाद देर रात लाइट शुचारु करा पाई। हालांकि दर्जनों घरों की विधुत आपूर्ति देर रात तक चालू नही हो सकी। वहीं वार्ड 20 के पार्षद एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने बताया कि दो माह में दूसरी बार रेलवे स्टेशन के पास विद्युत पोल पर पेड़ गिरा है। गनीमत रही कि कोई दुर्घटना नही हुई। रेलवे के अधिकारियों को पत्र लिखकर पेड़ की छटाई कराए जाने की शिकायत की जाएगी।

### पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव के भाई एएसपी सुधाकर की हार्ट अटैक से मौत, फतेहपुर पीएसी में थे तैनात



**प्रतापपुर।** प्रयागराज जनपद के उग्रसेनपुर से सटे बनगांव तरहठी निवासी एडीशनल एसपी सुधाकर यादव (55) की हार्ट अटैक से मौत हो गई वह पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव के छोटे भाई थे।फतेहपुर जिले में पीएसी में बतौर एडिशनल एसपी कार्यरत थे सुधाकर यादव 4 दिन की छुट्टी लेकर अपने बड़े भाई पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजलाल यादव के घर तरहठी गांव जौनपुर मिलने के लिए आए थे।शुक्रवार शाम को उन्होंने परिवार के साथ खाना खाया फिर वह अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। शनिवार सुबह 9 बजे तक वह अपने कमरे से नहीं निकले तब परिजन उन्हें चाय के लिए उठाने गए उन्हें हिलाकर देखा लेकिन शरीर में कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद परिजन उन्हें डॉक्टर के पास ले गए वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।आशंका है कि रात को उन्हें हार्टअटैक हुआ और बिस्तर ही उनकी मौत हो गई सुधाकर यादव नोएडा, वाराणसी, चंदौली, मीरजापुर, मुरादाबाद में तैनात रह चुके हैं।

### प्रधान संघ ने भ्रष्टाचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**करछना।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड चाका में शनिवार को प्रधान संघ ने मांगों को लेकर भरी हुंकार तथा अधिकारियों के समक्ष दिखाई अपनी ताकत धरना प्रदर्शन के दौरान मांगों से संबंधित खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन विकास कार्यों में अनियमितता अधिकारियों द्वारा कमीशन खोरी आदि समस्याओं को लेकर प्रधान संघ चाका के अध्यक्ष नीलम पथिक के नेतृत्व में विकासखंड चाका के सभी ग्राम प्रधानों ने व्याप्त भ्रष्टाचार कमीशन खोरी को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अधिकारियों को चेताया और चेतावनी दी कि प्रधानों के कार्यों में किसी भी प्रकार का कमीशन खोरी की मांग की गई उनके खिलाफ आवश्यक कदम उठाए जाएंगे इस मौके परअनूप शुक्ला राजेंद्र शुक्ला बनवारी लाल धर्मराज प्रकाश भारती वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नीलम पथिक यमुनापार जिला अध्यक्ष कंचन मिश्रा मंडल प्रभारी कमलजीत मिश्रा प्रधान गढ़ नियाज अहमद सूर्य प्रताप सतीश चंद सिपाही लाल अनिता देवी नूरजहां संजय भारती महेश कुमार उमाशंकर रमेश कुमार प्रदीप कुमार इमरान खान मोजिज अब्बास सगुन देवी बेला देवी पार्वती सुमन देवी आदि लोग थे।

### आरके इंस्टीट्यूट आफ टेक्निकल में पौधारोपण किया गया



**नैनी।** नैनी आरके इंस्टीट्यूट आफ टेक्निकल स्टडीज, मवैया, नैनी, प्रयागराज द्वारा शनिवार को शासन द्वारा चलाए जा रहे वन महोत्सव 2023 के वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान परिसर में प्रधानाचार्य इं0 मानस पांडेय, रजिस्ट्रार अनुज शुक्ला एवं अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा फलदार 7 पौधे, छायादार 6 पौधे एवं औषधीय 7 पौधे कुल 20 पौधों का रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में अर्पिता यादव, अनुभव शुक्ला एवं विजय सोनी के द्वारा भी पौध रोपण किया गया।

### वृक्ष मानव जीवन के लिए बहुमूल्य धरोहर है : नीलम पथिक



**करछना।** प्रयागराज वृक्ष की उपयोगिता मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर आंगन आसपास सार्वजनिक स्थानों पर वृक्ष लगाना बहुत जरूरी है हमारे जीवन में तमाम दिक्कतों के लिए वृक्ष सहायक होता है धूप से बचने के लिए छांव सांस लेने के लिए ऑक्सीजन आदि गुणों से भरपूर वृक्ष मानव जीवन के लिए एक बहुमूल्य धरोहर है इसे हर नागरिक को वृक्ष लगाकर पर्यावरण को भी वातावरण को स्वच्छ एवं साफ बनाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ वृक्षारोपण करना अनिवार्य है हमें वृक्षों के फायदे तथा उसके गुणों को नकारना नहीं चाहिए इसलिए हर व्यक्ति को वृक्ष लगाने की जरूरत है उक्त विचार विकासखंड चाका की प्रधान संघ की अध्यक्ष नीलम पथिक ने वृक्षारोपण के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए वृक्षारोपण किया इस अवसर पर अनूप शुक्ला राजेंद्र शुक्ला बनवारी लाल धर्मराज प्रकाश भारती राजेन्द्र पथिक आदि मौजूद रहे।

### समर बहादुर सिंह इं. कालेज गरियांव में हुआ पौधारोपण



**जंघई।** समर बहादुर सिंह इंटर कॉलेज गरियांव में छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों द्वारा वृहद पौधारोपण किया गया। पौधारोपण की शुरूआत करते हुए विद्यालय के संचालक रमेश प्रताप सिंह ने पौधा लगाकर पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूवात किया और जीवन में हरे भरे वृक्षों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित अभिभावक भोलानाथ शुक्ल, श्री कृष्ण गोपाल शुक्ला, विद्यालय के प्रवक्ता अतुल यादव, राजकुमार गुप्ता, पवन सिंह, श्रवण कुमार तथा तमाम छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

### शुद्ध जल और वायु के लिए वृक्षारोपण जरूरी : राजमणि कोल

**कोराव।** वृहद वृक्ष रोपण अभियान को अंजाम देते हुए भाजपा विधायक राजमणि कोल,ब्लॉक प्रमुख मुकेश कुमार कोल,खंड विजास अधिकारी कोरांव धीरेंद्र सिंह यादव,एडीओ पंचायत कोरांव,दिनेश चंद्र पाठक,युवा कल्याण अधिकारी कोरांव प्रशांत कुमार दुबे तथा ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने मनरेगा पार्क अलहवा तथा प्राथमिक विद्यालय और स्मृति वाटिका अलहवा में पौध रोपण किया। विधायक राजमणि ने मनरेगा पार्क अलहवा और स्मृति वाटिका,अमृत सरोवर, बैकुंठ धाम आदि विकास कार्यों का जायेजा लिया। उन्होंने उक्त ग्राम सभा के समग्र विकास हेतु सहायता के लिए घोषणा भी की। मुकेश कुमार ब्लॉक प्रमुख ने ग्राम प्रधान के मांग पर सेवती नदी पर ग्राम सभा घूस आवागमन के लिए पाइप युक्त रपटा तथा कुछ मार्ग निर्माण आदि निर्मित करवाने का अश्वाधन दिया। खण्ड विकास शिकारी धीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि वृक्ष से ही जल और जल से ही अन्न की प्राप्ति होती है,इसी लिए हर नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना और उसकी सुरक्षा करना नितांत आवश्यक है। इस अवसर पर सदस्य छेत्र पंचायत देवघाट उमाशंकर सिंह पटेल,रामपुर सोसायटी के अध्यक्ष,तथा विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ला पंकज कुमार दीक्षित अध्यापक, रामबहादुर कोल,अजीज अहमद पूर्व प्रधान,सुर्यदिन सिंह पटेल रोजगार सेवक,अखिलेश सिंह,पंचायत सहायक,पूर्व बीडीसी हिंचलाल कोल,अनस अहमद प्रधान प्रतिनिधि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### ठगी के शिकार लोगों को प्रशासन ने वापिस कराए पैसे

**प्रयागराज।** में साइबर क्राइम के जरिए लोगों की गाढ़ी कमाई पर ऑनलाइन डाका डालने वालों पर प्रयागराज पुलिस की साइबर सेल की नकेल धीरे धीरे कारगर साबित होने लगी है। बीते एक हप्ते की मशक्कत के बाद साइबर सेल की टीम ने ऑनलाइन ठगी के शिकार तीन लोगों के तकरीबन 1.90 लाख रुपए वापस कराए। बीते एक सप्ताह की कड़ी मशक्कत के बाद तीन लोगों की अलग अलग तरीके से की गई आनलाइन ठगी की रकम वापस कराई गई। जिनमें जारज्ज टाउन के रहने वाले नौशाद अली पुत्र कुबान अली के बैंक खाते से रखाता अपडेट करने का झांसा देकर ठगों ने 84,682 रुपए पार कर दिए थे। इसी प्रकार शिव कैलाश पुत्र गंगाधर यादव निवासी कोरांव जनपद 15,146 रुपए और ईशान मिश्रा पुत्र स्वर्गीय अशोक मिश्रा निवादी जार्ज टाउन के बाइक खाते से 90,000 रुपए की ऑनलाइन ठगी की शिकायत प्राप्त की थी। साइबर सेल टीम ने तीनों पीड़ितों की पूरी रकम वापस करा दी। रकम वापस पाने पर पीड़ितों ने पुलिस को धन्यवाद दिया। डीसीपी नगर दीपक भूकर ने बताया कि साइबर सेल की टीम आनलाइन ठगी करने वालों पर निगाह रखे है।

## चार वर्ष से लगातार समाधान दिवस पर दी अर्जी फिर भी दम्पत्ति को नहीं मिला न्याय !

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** प्रयागराज सरकार द्वारा गरीबों को त्वरित एवं न्याय संगत समाधान के लिए चलाई जा रही योजना संपूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवस एवं ब्लॉक दिवस महज दिखावा बनकर रह गया है फरियादी आते जरूर हैं अपनी फरियाद की अर्जी छोड़ कर चले जाते हैं उन्हें उम्मीद रहती है कि अधिकारी उनके समस्याओं को मौके पर जाकर निस्तारण जरूर करेंगे लेकिन ऐसा होता नहीं है आने वाले संपूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवसों पर बढ़ रही शिकायतों संख्या में बढ़ोतरी हो रही है फरियाद ज्यों की त्यों ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है अथवा पैसे के दोहन के लिए ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है अनगिनत ऐसी शिकायतें हैं जो लगातार एक ही शिकायत वर्षों से लंबित चली आ रही है प्रत्येक संपूर्ण समाधान दिवस ऊपर लगातार वही शिकायतें आ रही हैं लेकिन न्याय उसे नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए सरकार की इस योजना का लाभ गरीबों के हित में लाभकारी नजर नहीं आ रहा है शनिवार को आयोजित करछना में थाना दिवस के मौके पर विकासखंड करछना के मछहर पुरवा के दंपति किरण सिंह पत्नी राम मनोहर सिंह एक अदत भूखंड रास्ते को लेकर 4 वर्षों से लगातार संपूर्ण समाधान एवं थाना दिवस पर शिकायतें लगातार की गई लेकिन समस्या निस्तारण नहीं हो सका है बताया जाता है कि पैतृक बंटवारे में एक बटे चार का हिस्सेदार है जिसके तीन भाइयों ने उसकी जमीन और रास्ते और जमीन पर कब्जा कर लिया है जिसके लिए न्याय पाने के लिए वर्षों से चक्कर काट रहा है,कई बार विरोध का भी सामना करना पड़ा और मार भी खाया अस्पताल में भर्ती हुआ इलाज कराया पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को भी फरियाद की राजस्व कर्मियों की उदासीनता से उसे न्याय नहीं मिल सका जिससे समाधान दिवस पर लोगों को न्याय न मिल पाना एक प्रश्न है।

### समाधान दिवस में मिली 18 शिकायतें



**मेजा।** माह के चौथे शनिवार को मेजा थाने में आयोजित समाधान दिवस में दूर दराज से आये फरियादियों द्वारा पुलिस विभाग और राजस्व विभाग से संबंधित कुल 18 शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें सभी मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई। इस दौरान कई मामलों में संबंधितो को कड़े निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि शनिवार को तहसीलदार मेजा नीलम उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस और राजस्व विभाग से संबंधित मिली जुली कुल 18शिकायतें फरियादियों द्वारा दी गई थी। जिसमें सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की रही किन्तु एक भी शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण नहीं किया गया। नेवढ़िया गांव में तालाब पर अवैध अतिक्रमण किए जाने की शिकायत मिलने पर तहसीलदार नीलम उपाध्याय ने लेखपालों की टीम गठित कर तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। जबकि पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों में प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय ने त्वरित कार्रवाई कराने एवं समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि राजस्व विभाग की सर्वाधिक शिकायतें मिलने पर नाराजगी जाहिर करती हुई तहसीलदार नीलम उपाध्याप ने राजस्व निरीक्षक व हलका लेखपालों को जमकर फटकार लगाई। इस मौके पर एनटी मेजा अनुग्रह नारायण सिंह, मेजा थाने के समस्त उप निरीक्षक एव राजस्व निरीक्षक व हलका लेखपाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## आरिफ पिछले तीन- चार महीने से कर रहा था इंतजाम

**अप्रैल महीने में मां से झगड़ते हुए बड़ा बक्सा लिया था उसी में तेजाब और हथियार रखा हुआ था**



**प्रयागराज।** करेली के बारह मारकट क्षेत्र में मां- बहन की नृशंस हत्या करने वाला आरिफ पिछले तीन-चार महीने से घटना को अंजाम देने की तैयारी में जुटा था। लेकिन किसी को इसकी भनक नहीं लगी। घायल पिता कादिर ने आरिफ के रहन-सहन के बारे में बताते हुए उसकी तैयारियों का एहसास किया। आरिफ के हमले के बाद घायल पिता कादिर का इलाज स्वरूपरानी अस्पताल में चल रहा है। गंभीर स्थिति में उन्हें ट्रामा संेटर में भती किया गया था। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद सर्जरी वार्ड में शिफ्ट किया गया। स्थिति सामान्य होने के बाद शुक्रवार को न्यू बेल्डिंग के सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक कादिर के स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। सामान्य रूप से बातचीत करने लगे हैं। बातचीत के दौरान कादिर ने बताया कि घटना को अंजाम देने की तैयारी में आरिफ पिछले तीन- चार महीने से कर रहा था। याद करते हुए बताया कि अप्रैल महीने में मां से झगड़ते हुए बड़ा बक्सा लिया था। उसी में तेजाब और हथियार रखा हुआ था। कादिर का कहना है कि बीच में कई बार परिवार में झगड़े के दौरान आरिफ चाकू और तलवार निकालता था। मां अनीसा ने कई बार पुलिस को बुलाने के लिए सोची लेकिन कभी पुलिस को सूचना नहीं दी। अफसोस करते हुए पिता ने बताया कि यदि शिकायत कर दी होती तो आज वह जिंदा होती। कादिर के मुताबिक बहन का माता पिता के साथ रहना आरिफ को पंसद नहीं था। पिता के मुताबिक इसमें कुछ बाहरी लोगों का भी हाथ है। घटना के दौरान दो लड़के घर में मौजूद थे जो आरिफ को उसके कमरे से चापड़ और चाकू लाकर दे रहे थे, जिससे उसने हत्या की।

### निरंजन डॉट पुल का निरीक्षण करने पहुंचे महाप्रबंधक

**निरंजन पुल के अंदर लगाई जाएंगी लाइटें**

**प्रयागराज।** शहर के निरंजन डॉट पुल के नीचे लाइट लगवाने का निर्देश दिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सतीश कुमार ने यह निर्देश दिया है। वह शनिवार को निरंजन पुल पर चल रहे विस्तारीकरण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए निरंजन पुल के निकट के क्षेत्रों को सौंदयीर्कृत करने को भी कहा। उन्होंने सौंदर्यीकरण के कार्य को राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए करने की बात कही ताकि रेलवे परिक्षेत्र और राज्य सरकार के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण एक साथ और एक समान हो सके। इस दौरान उन्होंने कहा की कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने निरंजन पुल की लंबाई बढ़ जाने के कारण आमजनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुल के अंदर लाइट लगाने के निर्देश दिए।

### सेंट्रल जेल में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

**नैनी।** नैनी स्थित सेंट्रल जेल में शनिवार को पौधारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान जेल परिसर में चार सौ से अधिक विभिन्न किस्म के पौधों को रोपित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जेल उपमहानिरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल, जिला राम सिंह यादव जेलर शैलेंद्र कुमार सिंह डिप्टी जेलर रतनलाल चौबे राजेश राय के बी सिंह सहित तमाम जेल के कर्मचारी उपस्थित थे।

## अनियंत्रित ट्रक बिजली का खंभा तोड़कर दुकान में जा घुसी

**अखंड भारत संदेश**



**जसरा।** बीती मध्य रात्रि को एक शंकरगढ़ की तरफ से आ रही अनियंत्रित ट्रैक जसरा बाजार में बिजली का खंभा तोड़ते हुए एक दुकान के अंदर घुसी दुकान का तीन सेड आदि तोड़ते हुए दीवाल से जा कर टकराई रात्रि का समय होने से बड़ी घटना होने से लोग बाल बाल बचे। बीती मध्य रात्रि को शंकरगढ़ से प्रयागराज की तरफ जा रही ट्रक जसरा बाजार में अनियंत्रित हो करके बिजली का खंभा तोड़ते हुए राजू केसरवानी तथा बबलू चौरसिया के दुकान के अंदर घुस गई बिजली का खंभा टूटने से लोगों के घरों में हाई वोल्टेज का करंट भी दौड़ने लगा अच्छा यह रहा कि लाइट कट जाने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। सुबह बाजार के लोगों ने देखा कि राजू केसरवानी व बबलू चौरसिया की दूकान का टीन सेड तोड़ते हुए ट्रक दीवार से जा टकराई जिसमें दीवार छतिग्रस्त हो गया किसी तरह से ट्रक को दुकान से बाहर निकाला बिजली का पोल टूट जाने के कारण दिनभर बिजली काट कर खम्भा का रिपेयरिंग किया गया तब जाकर बाजार के लोगों ने राहत भरी सांस ली वहीं ट्रक समाचार लिखे जाने तक दूकान पर ही खड़ी रही बतातें चलें कि बबलू के दूकान के सामने प्रतिदिन आस पास के कुछ लोगों कारण भोजन के बाद जमावड़ा लगा रहता था लेकिन उस दिन बबलू के न होने के कारण वहां कोई नहीं रहा नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी इसी लिए जाको राखे सांइयां मार सके न कोय वाली बात चरितार्थ हो गई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत करमा विकास खण्ड कौंधियारा, प्रयागराज

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत करमा, विकास खण्ड-कौंधियारा में कराये जाने वाले कार्यो मनरेगा, राज्य वित्त, 15वां वित्त, हैण्डपम्प मरम्मत व रीवोर, नाली, खडंजा निर्माण व मरम्मत शौचालय निर्माण प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खण्ड की पंजीकृत फर्मे 23-07-2023 से 05-08-2023 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 06-08-2023 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में कूड़ा संग्रह घर से मियां वाकी नोडप तक इण्टरलाकिंग कार्य 80 मीटर | 3.00 लाख | 1 माह |
| 2. | SLW के अन्तर्गत 8 गड्ढा वर्मी कम्पोस्ट व 2 नग एवं अन्य कार्य | 4.00 लाख | 1 माह |
| 3. | प्राथमिक विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय व उप स्वास्थ्य केन्द्र पर रेन वाटर हावोस्टिंग कार्य प्रति नग | 1.50 लाख | 1 माह |
| 4. | उपस्वास्थ्य केन्द्र डोलिया पर बाउंड्री वाल व भवन मरम्मत कार्य | 3.00 लाख | 1 माह |
| 5. | प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प कार्य एवं सुंदरीकरण कार्य | 3.00 लाख | 1 माह |
| 6. | उच्च प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प कार्य एवं सौन्दर्यकरण कार्य | 3.00 लाख | 1 माह |
| 7. | बृजेन्द्र हरिजन के घर से काली रोड तक पुनः निर्माण कार्य 80 मीटर | 1.50 लाख | 1 माह |

मिथिलेश जायसवाल
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत करमा
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

राजीव कुमार मिश्रा
(ग्राम विकास अधिकारी)
ग्राम पंचायत करमा
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/2023-24/दिनांक

# पेड़ों को अपना बच्चा मानकर उसका पालन पोषण करें: प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री ने वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारम्भ नन्दन वन चांदमारी में किया पौधरोपण

### वृहद वृक्षारोण अभियान के दौरान 38.84 लाख पौधों का किया गया रोपण

**अखंड भारत संदेश**



नंदन वन चांदमारी में वृक्षारोपण करते प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल।

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने शनिवार को नगर पालिका परिषद बेल्हा के अन्तर्गत नन्दन वन चांदमारी में वृक्षारोपण महाअभियान-2023 का पीपल, बरगद के पेड़ का पौधरोपण कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल, विधायक रानीगंज डा0 आर0के0 वर्मा, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जे0पी0 श्रीवास्तव सहित पार्टी के पदाधिकारीगण, साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की छात्रायें व जनसामान्य ने पौधरोपण किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिये आज एक बहुत बड़ा दिन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 35 करोड़ पौध रोपण का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में देने का काम किया है और आज एक ही दिन में 30 करोड़ पौध लगाने का कार्य किया गया है यह एक रिकार्ड है। उन्होने कहा कि पेड़ ही जीवन है और लगातार विश्व में जो पेड़ों की संख्या घटती जा रही है उससे ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है जिससे आपदा जैसी विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इसका मुख्य कारण है कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में आज 38 लाख 84 हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया जो विभागों द्वारा लगाये जा रह है। वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान जनपद में मोहनगंज विक्रमपुर मोड़ पर सड़क दुर्घटना में घायल विमला देवी व अकबाल बहादुर को 50-50 हजार का चेक एवं मृतक शीतला प्रसाद के आश्रित उर्मिला देवी एवं मृतक रमेश कुमार के आश्रित अमरावती देवी को 2-2 लाख का चेक प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया। वृक्षारोपण अभियान के दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि वृक्ष लगाना ही महत्वपूर्ण नही है बल्कि उसका पालन पोषण करना भी महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक रानीगंज डा0 आर0के0 वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने भी वृक्षारोपण पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पृथ्वी पर रहने वाले सभी मनुष्य और जीव जन्तुओं का जीवन वृक्षों पर निर्भर करता है। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया। वृक्षारोपण अभियान के दौरान ग्राम पंचायत मुल्तानीपुर में बने अमृत सरोवर एवं विकास खण्ड लक्ष्मणपुर के अन्तर्गत घूरीपुर (मिश्रपुर) में बने खेल के मैदान का जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने उद्घाटन किया एवं वहां पर पौधरोपण भी किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी लालगंज लालधर सिंह यादव, डीसी मनरेगा, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान आदि ने भी पौधरोपण किया। इसी प्रकार चिलबिला स्थित वन विभाग में बने पार्क में विधायक सदर, जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एवं प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, डा0 मो0 अनीस एवं बच्चों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान डीएफओ ने विधायक सदर, जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को चन्दन एवं रूद्राक्ष के पौधे भेट किया।

## अग्निशमन कार्यालय ने भी किया गया वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**



वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान हाथ में पौधा लिये अग्निशनम अधिकारी व कर्मचारी।

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वन महोत्सव की कार्ययोजना के तहत सरकारी विभाग के प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा विषेष अभियान चलाकर कम से कम एक पेड़ लगाकर वृक्षारोपण किया गया। उपरोक्त आदेष के क्रम में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देषन में अग्निषमन कर्मियों ने फायर ब्रिगेड सदर परिसर में समाजसेवी रोषनलाल उमरवैष्य के सौजन्य से वृक्षारोपण का कार्य किया गया तथा अन्य फायर स्टेषनों पर भी वृक्षारोपण का कार्य सम्पादित कराया गया। यह जानकारी अग्निषमन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने दी।

## पौधरोपण महाअभियान के तहत जगह-जगह रोपे गये पौध

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को पौधरोपण महाअभियान के तहत स्थानीय शीतलमऊ वन ब्लाक समेत विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण उत्साहजनक दिखा। नेशनल हाइवे से सटे शीतलमऊ वन ब्लाक में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने समारोहपूर्वक अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने नगर के लोगों के साथ छायादार पौधरोपित कर वृक्षारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी विधायक की ओर से पौध रोपित किये। वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र ने बताया कि शनिवार को इस बड़े अभियान के तहत वन ब्लाक मे तीन हजार नौ सौ अडतालिस पौध रोपित हुए हैं। कार्यक्रम का संयोजन वन प्रभाग के टीएन तिवारी ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता विपिन शुक्ल व शिव नारायण शुक्ल, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी आदि रहे। वहीं नगर पंचायत कार्यालय के नवीन भवन परिसर में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने पौधरोपित किये।

## पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने वृक्षारोपण का किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के होमगार्ड कम्पनी कालाकांकर के जवानो ने शनिवार को कालाकांकर गगाघाट किनारे वृहद वृक्षारोपण का शुभारम्भ पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह व कम्पनी अधिकारी बी ओ राजेश कुमार पाल ने 5-5 पौधा लगाकर वृक्षारोपण का शुभारम्भ किया कुल 67 पौधा फलदार व गैर फलदार का वृक्षा रोपण किया गया जिसमे प्लाटून कम्पनी के सभी होमगार्ड के जवानो ने एक एक वृक्ष लगाकर जनजागरण करके लोगो को अपने अपने घर के आस पास पड़े खाली जगहों पर लगाने के लिए प्रेरित किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान कालाकांकर कुंवं मनीष कुमार सिंह,कुसुवापुर भाजपा मंडल प्रभारी मोहित मिश्र, अवैतनिक अधिकारी प्लाटून कमांडर एहसान अहमद व प्रदीप कुमार,राजेश कुमार मौर्य, श्यामसुंदर पांडे, सुनील मौर्य, अवधेश पांडे, भीम सिंह, रामफेर यादव, राजेंद्र तिवारी, इंद्रजीत पटेल आदि लोगो ने वृक्षारोपण मे भाग लिया।

## घर में घुसकर दबंगों ने किया मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र के पिपरन का पुरवा शेषपुर चैरास गांव निवासी अनारा देवी को शनिवार की सुबह पड़ोस के दबंगों ने आधा दर्जन महिलाओं के साथ गाली गलौज करते हुए घर पर चढ़कर मारपीट किया मारपीट के दौरान जब पीड़िता की बेटी ने घटना की वीडियो बनाने का प्रयास किया तो हमलावरों उसे भी दौड़ा कर मारा पीटा और मोबाईल छिना लिया। पीड़िता अनारा देबी ने महेशगंज पुलिस को हमलावरों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने व गिरफ्तारी की मांग की है पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। मारपीट के दौरान गांव मे हड़कंप मचा रहा।

## सीओ की फटकार पर आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय संग्राम सिंह हाफिज का पुरवा निवासी पुतन्नी की पत्नी सुनीता ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दो जुलाई को दोपहर वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के सत्य नारायण पुत्र छेदीलाल आकर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपी ने जातिसूचक गालियां देते हुए पीड़िता को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। चीखपुकार पर आसपास के लोग बचाव को दौडे तो आरोपी ने जानलेवा धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली मे तहरीर सौपी। जांच के नाम पर पुलिस केस दर्ज करने मे आनाकानी कर रही थी। तब पीडिता ने सीओ रामसूरत सोनकर से मिलकर आपबीती सुनाई। सीओ की फटकार पर शनिवार को पुलिस ने आरोपी सत्य नारायण के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## थाना समाधान दिवस में सुनीं गयी फरियाद, निस्तारण का भरोसा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में स्थानीय कोतवाली में आठ शिकायतो मे से पांच का निस्तारण किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षणाधीन अमृत जैन ने तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह के साथ शिकायतों की सुनवाई की। सहायक पुलिस अधीक्षक ने मातहतो को पुलिस से जुडी शिकायतो को मौके पर पहुंचकर गंभीरतापूर्वक निस्तारित कराए जाने के कडे निर्देश भी दिये। समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित भी मौजूद रहे। वहीं सांगीपुर थाने में प्रभारी निरीक्षक मनोज यादव ने प्रार्थना पत्रो की सुनवाई करते हुए बारह मे से तीन शिकायतों का निस्तारण कराया। उदयपुर में तीन शिकायतों तथा लीलापुर में आई बारह शिकायतों मे निस्तारण शून्य रहा।

## प्राथमिक विद्यालय मुरस्सापुर में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के प्राथमिक विद्यालय मुरस्सापुर मे शनिवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन स्कूल के शिक्षकों ने किया। अभिभावकों से गोष्ठी मे प्रधानाध्यापक वकील अहमद ने अपील किया कि अपने अपने घर के बच्चो को स्कूल भेजने के लिए उनको प्रेरित करे जिन बच्चो का किसी भी स्कूल मे नामांकन नही हुआ है वह इधर उधर घूम रहे है उनका आस पास के स्कूल मे दाखिला कराने मे अभिभावक शिक्षकों को सहयोग करे। प्रधानाध्यापक वकील अहमद ने अभिभावकों को डी बी टी, आधार सीडेड खाता, ऑपरेशन कायाकल्प आदि विषयो पर चर्चा करके जानकारी दी। शिक्षा मित्र शाहिना सुल्ताना ने एप से बच्चो को पढ़ने की जानकारी अपने मोबाईल से दी। ग्राम प्रधान सुरेश कुमार यादव ने आये हुए सभी अभिभावकों के प्रति आभार ब्यक्त किया। इस मौके पर सहायक अध्यापक प्रियांशु ओझा के साथ बच्चो के अभिभावक पप्पू सोनी, अशोक यादव अय्यूब सलमानी,वसैल मंसूरी,महफूज अंसारी, गामा प्रजापति, नेहा बानो, अनीता, गुलनाज, सजीता बानो, चांद बीबी रेशमा बानो, शबाना बानो व स्टॉफ मौजूद रहे।

## भगवान विश्वेश्वर की निकली सांकेतिक डोली यात्रा

### भगवान भोलेनाथ का किया गया पूजन-अर्चन

**अखंड भारत संदेश**



सांकेतिक डोली यात्रा में शामिल राष्ट्रीय प्रभारी व धमार्चार्य।

**प्रतापगढ़।** परम पूज्य परमाराध्य परमधमार्धीश जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 ज्योतिष पीठाधीश्वर बद्रिकाश्रम के निर्देश पर काशी के ज्ञानवापी मंदिर में 16 मई 2022 दिन सोमवार वैशाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को प्रकट हुए श्री विश्वेश्वर भगवान भोलेनाथ की एक सांकेतिक डोली यात्रा शनिवार को प्रतापगढ़ जनपद के बलीपुर में स्थित दुर्गा मंदिर से धमाचार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास की अध्यक्षता में निकाली गई। जिसका नेतृत्व शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी एवं यात्रा के राष्ट्रीय प्रभारी डॉक्टर शैलेंद्र सिंह योगिराज ने किया।

यात्रा के पूर्व मंदिर में स्थित भगवान भोलेनाथ का जनमानस ने पूजन अर्चन किया वेद पाठी ब्राह्मणों के द्वारा पूजा संपन्न करायी गयी। धमार्चार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य काशी में भगवान विश्वेश्वर को प्रकट हुए 1 वर्ष से अधिक हो रहे हैं किंतु विश्वेश्वर भगवान का पूजा पाठ राजभोग नहीं लग पा रहा है जिससे सनातन धर्मियों एवं जनमानस में बहुत ही आक्रोश है। इसलिए इससे मर्माहत होकर के ज्योतिष पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अवि मुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पूरे भारत में डोली रथ यात्रा एवं प्रत्येक गांव से एक शिवलिंग का पूजन करके काशी विश्वनाथ पहुंचाने का निर्णय लिया है। जहां 11 लाख शिवलिंग एकत्रित होने के पश्चात पूजा-अर्चना होगी। यात्रा दुर्गा मंदिर बलीपुर से चलकर गाजे-बाजे एवं शंखनाद के मध्य भक्तों ने हर हर महादेव एवं विश्वेश्वर भगवान की जय जगन्नाथ भगवान की जय का उद्घोष करते हुए ट्रेजरी चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचे। वहां पर शिवलिंग का पूजन करके धमार्चार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास द्वारा यात्रा के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर विश्राम की घोषणा की गयी। यात्रा में मुख्य रूप से भानु प्रकाश मिश्रा राकेश त्रिपाठी अशोक शर्मा संजय सरन शांडिल्य विजय मिश्रा मनोज मिश्रा परमानंद मिश्रा एडवोकेट उमेश पांडे जयराम पांडे रवि शर्मा विवेक पांडे रामचंद्र उमर वैश्य श्याम मोहन अमरेश पांडे विष्णु प्रताप सिंह पंकज मिश्रा राजेश शर्मा रमेश पटेल सुशील कुमार मिश्रा अच्युतानंद आदि भारी संख्या में डोली लेकर चल रहे थे ।कार्यक्रम का संचालन ज्योतिषाचार्य आलोक ऋषि वंश ने किया।

## बेकाबू ट्रक के मकान में घुसने से तीन मरे

### कोतवाली क्षेत्र के सराय बहेलिया में मचा कोहरामं

**अखंड भारत संदेश**



ट्रक के घुसने से मकान हुआ क्षतिग्रस्त।

**प्रतापगढ़।** लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के सराय बहेलिया गांव में गत शुक्रवार की रात एक बेकाबू ट्रक मकान में घुस गया। इससे पिता-पुत्री सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल है। इस दुर्घटना से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

घटना के बारे में बताया जाता है कि शहर कोतवाली क्षेत्र के सराय बहेलिया निवासी जब्बार (60) वर्ष के परिवार की फातिमा बेगम का 40 दिन पहले इंतकाल हो गया था। शनिवार को उनका 40वां था, जिसमें शामिल होने के लिये रिष्तेदार आए थे। शुक्रवार की रात ईषा की नमाज के बाद तकरीर में लोग जुट रहे थे। इसी दौरान लखनऊ से बादषाहपुर जा रहा एक ट्रक बेकाबू होकर जब्बार के मकान में घुस गया। उस समय जब्बार अपनी बेटी शाहीन बानो (27) और भाभी साफिया बानो के साथ बरामदे में बैठा था। बेकाबू ट्रक ने तीनों को रौंद दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तीनों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस व दूसरे वाहनों से मेडिकल कालेज भेजा। डाक्टरों ने जब्बार व साफिया को मृत घोषित कर दिया व गंभीर रुप से घायल शाहीन को प्रयागराज रेफर कर दिया लेकिन शाहीन की भी रास्ते में मौत हो गई। घटना इतनी भयानक थी कि रात में उठी चीत्कार से सोते लोग उठ गये तो पता चला कि ट्रक के मकान में घुसने से मौतें हुई हैं।

## करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** करंट की चपेट मे आने से अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। सांगीपुर थाना के चिचिहरा गांव निवासी रामआसरे प्रजापति 60 पुत्र मैकू लाल शनिवार को दोपहर बाद धान की सिंचाई के लिए खेत गया था।

राम आसरे खेत में सिंचाई के लिए लगे समर्सिबल को चलाने गया था। इस बीच स्टार्टर की बटन पर हाथ रखा तो वह करंट की चपेट मे आ गया। उधर खेत मे काम कर रहे उसके पडोसी ने पानी पहुंचता न देखा तो वह समर्सिबल के पास पहुंचा। वहां अधेड़ को मृत देख वह आवाक रह गया। सूचना पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर देर शाम पीएम के लिए भेजवाया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव का कहना है कि करंट की चपेट मे आने से राम आसरे की मृत्यु हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इधर करंट में चपेट से अधेड़ की मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों मे कोहराम मच गया।

## प्रमोद तिवारी ने सौंपी दो सौ बीस केवीए बिजली घर की सौगात

### बड़ी उपलब्धि पर क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर

**अखंड भारत संदेश**



लखहरा सांगीपुर में बिजली परियोजना का शुभारंभ करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने शनिवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से रामपुर खास के लोगों को एक सौ चैरान्वे करोड़ रुपए लागत की वृहद विद्युत परियोजना की बड़ी सौगातें सौंपी। एक सौ चैरान्वे करोड़ की लागत से पूर्ण हुई लखहरा सांगीपुर दो सौ बीस केवीए क्षमता के बड़े बिजली घर की सौगात से क्षेत्र के लोगों में गौरवपूर्ण उपलब्धि पर खुशी भी चहक उठी दिखी।


राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बीते वर्ष 2016 में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. नेहरू की जयंती पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से स्वीकृत हुए सांगीपुर के लखहरा में दो सौ बीस केवीए विद्युत परियोजना की आधारशिला रखी थी। विधायक मोना के प्रयास से विद्युत परियोजना के लिए जमीन मिलते ही शासन ने विधायक के प्रस्ताव पर इस परियोजना पर मुहर लगा दी। शनिवार को सांसद प्रमोद तिवारी ने दो सौ बीस बिजली घर परियोजना से कई बिजली घरों को आपूर्ति के संचालन का शुभारंभ किया। प्रमोद तिवारी के परियोजना में आपूर्ति प्रबंधन तथा लाइन क्षमता के शुभारंभ होने से रामपुर खास को विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की सफलता का भी तकमा मिल गया है।

वहीं इस विद्युत परियोजना से शनिवार को जिले के एक सौ बत्तीस केवीए कुण्डा तथा एक सौ बत्तीस केवीए गड़वारा और एक सौ बत्तीस केवीए लालगंज को सुगम आपूर्ति मिलने लगी है। वहीं दो सौ बीस केवीए के बड़े पावर हाउस मे लगे एक सौ बत्तीस केवीए विद्युत घर से सांगीपुर बाजार समेत सांगीपुर तथा उदयपुर एवं राजापुर तथा भैंसना विद्युत उपकेंद्र को भी आपूर्ति की शुरूआत कर दी गयी है। राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने रामपुर खास के विकास में इस स्वर्णिम सफलता को लेकर विधायक आराधना मिश्रा मोना की जमकर सराहना की। शुभारंभ के मौके पर एसडीओ प्रमोद कुमार सरोज, अवर अभियंता अंजनी तिवारी, अवर अभियंता बृजेश कुमार, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, जिपंस गीता द्विवेदी, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, पूर्व प्रमुख हगपाल यादव, पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी भी मौजूद रहे।

## पांचवें दिन भी अधिवक्ता रहे हड़ताल पर, कामकाज ठप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर प्रतापगढ़ में पट्टी ग्राम न्यायालय के विरोध में पांचवे दिन लगातार जूनियर बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अध्यक्ष इंदुभाल मिश्रा एवं महामंत्री संतोष नारायण मिश्रा की अगुवाई में ऑल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा के साथ न्यायिक कार्य से विरत होकर कलेक्ट्रेट परिसर तथा दीवानी न्यायालय में तालाबंदी करा कर मंच के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया गया। सभी लोग एक स्वर में पट्टी ग्राम न्याया लय के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की तथा सभी वक्ताओं ने कहा कि जब तक पट्टी ग्राम न्यायालय प्रतापगढ़ मुख्यालय पर नहीं स्थापित हो जाएगा तब तक हमारा आंदोलन चलता रहेगा आंदोलन में भाग लेने वाले अधिवक्ताओं में ऑल इंडिया रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा और पूर्व अध्यक्ष रोहित शुक्ला पूर्व महामंत्री जेपी



मिश्रा दीपक मिश्रा दीपू उपाध्यक्ष दिव्यंत सिंह दिग्विजय सिंह अनुज सिंह राघवेंद्र प्रताप सिंह मनीष सिंह जितेंद्र सिंह भोले शिवम सिंह रजनीश मिश्रा सचिंद्र सिंह आसिफ सिद्दीकी राहुल गुप्ता उत्तम सिंह कौशलेंद्र सिंह रतन मनोज कुमार शक्ति सिंह पुष्पराज सिंह पंकज शर्मा संतोष सिंह शाहनवाज आलम धनंजय सिंह शशिधर दूबे भोला आदि अधिवक्ता लोग उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में

# महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे ऐतिहासिक कार्य : डिप्टी सीएम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भवन्स मेहता महाविद्यालय, भरवारी में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आयोजित लाभार्थियों से चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी-श्रीमती अहमदुन निशा, मंजू देवी अमरचन्द्र, अजन सिंह एवं श्रीमती रानी देवी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना की लाभार्थी-श्रीमती राजरानी, श्रीमती विमला देवी, बिहारी लाल बृजलाल एवं गौतम कुमार को प्रतीक स्वरूप आवास की चाभी वितरित किया। इसके साथ ही उन्होंने सब मिशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन इन-सीटू/ एसएमएएम योजनानतर्गत कृषक लाभार्थी श्री उदयभान सिंह, आइफा फार्मर प्रोड्यूसर कं.लि. करारी व भरवारी किसान विकास सेवा सहकारी समिति को ट्रैक्टर की चाभी एवं कृषि यन्त्र वितरित किया तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत कृषकों को निःशुल्क अरहर बीज मिनी किट भी वितरित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत बालाजी महिला स्वयं सहायता समूह, गौरी महिला स्वयं सहायता समूह व राधा महिला स्वयं सहायता समूह को रू0-76 लाख 65 हजार का रिवाल्विंग फण्ड एवं ज्योति प्रेरणा संकुल, उत्थान महिला संकुल व संकल्प महिला संकुल को रू0-08 करोड़ 76 लाख 70 हजार का सामुदायिक निवेश निधि तथा गंगा महिला स्वयं सहायता समूह, गनेश जी महिला स्वयं सहायता समूह व अनमोल महिला स्वयं सहायता समूह को रू0-08 करोड़ 56 लाख 50 हजार का सी0सी0एल0 का डमी चेक वितरित किया। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उ0प्र0 में वृक्षारोपण का दिन है। जनपद कौशाम्बी सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 30 करोड़ की संख्या में विभिन्न विभागों के माध्यम से वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें जनपद कौशाम्बी के भवन्स मेहता महाविद्यालय के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पेड़, एक पीढ़ी लगाती है और अनेक पीढ़ी को उसका लाभ प्राप्त होता है। आज जनपद कौशाम्बी में 22 लाख पौधां का रोपण किया जाना है और स्वतन्त्रता के दिन 15 अगस्त को भी 04 लाख और पौधों का रोपण किया जायेंगा तथा प्रदेश भर में 05 करोड़ और पौधे लगाये जायेंगे। इस प्रकार कुल 35 करोड़ पौधों का रोपण उ0प्र0 में करने का लक्ष्य निर्धारित है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का एक ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीबी में पले व बढ़े हैं तथा उन्हें गरीबी का दर्द मालूम हैं, जिसका परिणाम है कि देश में 04 करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण के अन्तर्गत आवास देने का कार्य किया गया, जिनको आवास दिया गया उन्हें उज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन भी दिया गया। सौभाग्य योजना के तहत निःशुल्क विद्युत का कनेक्शन दिया गया, शौचालय के निर्माण के लिए 12 हजार रू0 प्रोत्साहन स्वरूप दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी को मजदूरी के रूप में रू0 20 हजार 700 रू0 सीधे खाते में हस्तान्तरित करने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सबसे अधिक महिला मुखिया के नाम पर आवास देने का कार्य किया जा रहा है अर्थात महिलाओं को लखपती बनाने का कार्य किया जा रहा हैं। जल-जीवन मिशन के तहत हर-घर नल से जल पहुॅचाने का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि होली एवं दीपावली के त्यौहार पर 02 गैस सिलेण्डर निःशुल्क देने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने आमजन से अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए आवाह्न करते हुए कहा कि पौधां को बचाया भी जाय तथा पेड़ न तो काटें और न ही किसी को काटने दिया जाय। पेड़ के बिना पर्यावरण अनुकूल नहीं होगा तो वर्षा नहीं होगी, वर्षा नहीं होगी तो अन्न पैदा नहीं होगा तथा तालाब आदि जगह जल नहीं हांगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को भी लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर एवं स्वयं और अधिक परिश्रम करते हुए परिवार को उन्नति की ओर ले जायें, जिससे जनपद, प्रदेश एवं देश भी प्रगति और तेजी से कर सके। डबल इंजन की सरकार होने के कारण प्रदेश में तीव्र गति से विकास के कार्य हो रहें है। मा0 प्रधानमंत्री जी प्रतिदिन 18 घण्टे कार्य इसलिए कर रहें हैं कि देश का गरीब आर्थिक रूप से सक्षम होकर अपने पैरों पर खड़े हों जायें तथा उसके चेहरें पर भी खुशियॉ आ जायें। उन्होंने लोगों से आवाह्न करते हुए कहा कि गोवंशों को आवारा न छोड़कर, गोवंशों को नजदीकी गौशालाओं में संरक्षित करायें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगर कोई व्यक्ति अपना गोवंश, गौशालाओं में संरक्षित कराने के लिए लेकर जाता है तो उससे पैसे की मांग करने वालों को चिन्हित कर एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर कार्यवाही किया जाय। उन्होने कहा कि चकमार्गों एवं चारागाह पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया जा रहा है। सरकारी जमीन पर हुए अवैध कब्जों को हटवाया जा रहा है। प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से जमीन को खाली कराकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाकर गरीबों को दिया गया। उन्होंने कहा कि गरीबों के साथ सरकार खड़ी है, जरूरतमंदों के साथ सरकार खड़ी है, युवाओं के साथ सरकार खड़ी है, किसानां के साथ सरकार खड़ी है, समाज के सभी वर्गों के साथ सरकार खड़ी है तथा सरकार प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास कर रहीं है। सरकार ने गुण्डे, अपराधियों एवं भ्रष्टाचारियों के खिलाफ निरन्तर कार्यवाही कर रहीं है। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी बहुत ऊजार्वान एवं ऐतिहासिक जनपद है इस अवसर पर अध्यक्ष, जिला पंचायत कल्पना सोनकर, पूर्व विधायकगण संजय गुप्ता लाल बहादुर एवं शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी कविता पासी एवं मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त, जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।





**पीएम आवास योजना मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को डिप्टी सीएम ने आवास की चाभी किया वितरित**

**डबल इंजन की सरकार होने के कारण प्रदेश में तीव्र गति से हो रहे विकास के कार्य : उप मुख्यमंत्री**

**गौशालाओं में गोवंशों को संरक्षित करने के लिए पैसे की मांग करने वालों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज कराकर कार्यवाही के निर्देश**

## उप मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर आमजन को अधिक से अधिक पौधारोपण के प्रति किया जागरूक



**भरवारी कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को भवन्स मेहता महाविद्यालय, भरवारी में वन विभाग द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में हरिशंकरी (पीपल, पाकड़ एवं बरगद) पौधारोपण कर पारिस्थितिक संतुलन तथा पर्यावरण को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने के लिए आमजन को अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं पौधों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी से जनपद में वृक्षारोपण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दियें। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से वार्ता कर अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया। भवन्स मेहता महाविद्यालय में कुल 17500 पौधारोपण किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष, जिला पंचायत कल्पना सोनकर, पूर्व विधायकगण संजय गुप्ता लाल बहादुर एवं शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी कविता पासी एवं मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त, जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बीएसए ने विद्यालय से नदारत 21 शिक्षकों का रोका वेतन

**कौशाम्बी।** बीएसए कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने शुक्रवार को दर्जनों विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 21 शिक्षक बिना अवकाश विद्यालय से नदारत मिले। बीएसए ने बिना अवकाश विद्यालय से नदारत 21 शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोक दिया है। बीएसए की इस कार्रवाई से लापरवाह शिक्षकों में हड़कम्प मच गया है।

### निःशुल्क पापकार्न एवं दोना पत्तल मेकिंग मशीन के लिए करें आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी चन्द्र शेखर वर्मा ने अवगत कराया है कि खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित पापकार्न एवं दोना पत्तल मेकिंग मशीन के अन्तर्गत वितीय वर्ष 2023-24 में पापकार्न एवं दोना पत्तल मेकिंग मशीन वितरण के लिए कारीगर एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले कारीगरों/व्यक्तियों द्वारा दिनांक 25 जुलाई 2023 तक आवेदन किया जा सकता हैं। पापकार्न एवं दोना पत्तल मशीनों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेंगा। अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जायेंगा। उन्होंने बताया है कि इस योजना से सम्बन्धित अधिक जानकारी तथा आवेदन पत्र प्राप्त व जमा विकास भवन स्थित कार्यालय जिला खादी ग्रामोद्योग से प्राप्त कर सकतें हैं।

## कॉवड़ यात्रा एवं मोहर्रम को लेकर आयुक्त एव आईजी ने की बैठक

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज विजय विश्वास पन्त एवं पुलिस महानिरीक्षक श्री चन्द्र प्रकाश द्वारा उदयन सभागार में श्रावण मास में कॉवड़ यात्रा एवं आगामी त्यौहार मोहर्रम को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में मण्डलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सभी एसडीएम एवं सीओ से श्रावण मास में कॉवड़ यात्रा एवं मोहर्रम त्यौहार को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक गई कार्यवाही यथा-पीस कमेटी की बैठक, जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही एवं निरोधात्मक/पाबन्द की कार्यवाही तथा सम्वेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी आदि की जानकारी प्राप्त की गई। मण्डलायुक्त ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को कावड़ यात्रा मार्गों एवं जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सम्वेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाय तथा आवश्यकतानुसार निरोधात्मक/ पाबन्द की कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता, विद्युत को जूलूस मार्गों का निरीक्षण कर ढ़ीले विद्युत तारों को ठीक कराने एवं थानावार जे0ई0 की ड्यूटी लगाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी ई0ओ0 को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि नगर की साफई-सफाई व्यवस्था तथा प्रकाश व्यवस्था मेन्टेंन रहें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को ओवरलोड वाहनों पर नियमित कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सीएमओ को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रवार चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दियें। पुलिस महानिरीक्षक ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा ताजियादारों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ निरन्तर संपर्क में रहनें के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाय तथा त्यौहार रजिस्टर का अध्ययन कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जूलूस में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन न होने पाये तथा कोई भी नई परम्परा की शुरूआत न होने पाये। समय पर सभी ड्यूटियॉ लगा लिया जाय तथा एण्टीरोमियों स्क्वॉयड को सक्रिया रखा जाय इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 2 घंटे भी ग्रामीण इलाकों में नहीं नहीं मिल रही बिजली सप्लाई

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही उदासीनता के चलते ग्रामीण इलाकों में बिजली सप्लाई की समस्या बराबर बढ़ती जा रही है किसानों के धान रोपाई का सीजन चल रहा है आसमान से बारिश नहीं हो रही है जिससे किसानों के सामने नलकूप ही सहारा है लेकिन बिजली सप्लाई न मिलने से नलकूप नहीं चल रहे हैं जिससे किसानों के धान की फसल की रोपाई नहीं हो रही है। बताया जाता है कि मंझनपुर तहसील क्षेत्र के सेवकूपुर तेजवापुर आदि गांव में बीते 5 दिनों से केवल 2 घंटे बिजली सप्लाई मिल रही है जिससे किसानों के साथ-साथ आम जनमानस भी परेशान है भीषण गर्मी के चलते पूरी रात लोग जागकर काट रहे हैं उमस भरी गर्मी और दूसरी तरफ मच्छरों के प्रकोप ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है ऊपर से बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी मनमानी पर उतारू है जिससे आम जनमानस के बीच सरकार और अधिकारियों के प्रति आक्रोश व्याप्त हैं बिजली विभाग के अधिकारियों के कार्य के चलते योगी सरकार की छवि पर धब्बा लग रहा है लेकिन उसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही पर अंकुश लगाने को कोई तैयार नहीं है नेता जनप्रतिनिधि भी बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही पर आवाज बुलंद कर बिजली की समस्या से आम जनमानस को निजात नहीं दिला पा रहे हैं जिससे आम जनमानस का दिनोंदिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है और इसका खामियाजा आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

## जिला स्काउट और गाइड के नवीन भवन का हुआ उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला स्काउट और गाइड के नवीन स्काउट भवन डायट परिसर मंझनपुर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला मुख्यायुक्त स्काउट और गाइड/ जिला विद्यालय निरीक्षक कौशांबी डॉ सच्चिदानंद यादव के कर कमलो द्वारा शुक्रवार को फीता काटकर किया गया ।उद्घाटन समारोह में विशिष्ट मुख्य अतिथि विपुल शिव सागर उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य ने सरस्वती प्रतिमा को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया साथ ही स्काउट गाइड जिला कार्यकारिणी बैठक भी संपन्न हुई कार्यकारिणी बैठक के अध्यक्ष जिला मुख्यायुक्त स्काउट और गाइड जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक के प्रारंभ में पहले स्काउट गाइड प्रार्थना से शुरूआत किया मुख्य अतिथि को श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर कौशांबी ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया साथ ही विशिष्ट मुख्य अतिथि को अभय सिंह जिला स्काउट मास्टर ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया बैठक के विगत कार्यवाही पुष्टि जिला सचिव राम सुंदर सिंह ने पढ़कर सुनाया सभी वहां उपस्थित स्काउट और गाइड के पदाधिकारी व सदस्यों ने हाथ उठाकर सहमति जताई बैठक में निम्न एजेंडा पर विचार हुआ पंजीकरण नवीनीकरण अंशदान जनपद के समस्त विद्यालयों में प्रशिक्षण संबंधित शिविरों पर विचार सीबीएसई माध्यमिक विद्यालयों में शत प्रतिशत यूनिट का गठन पर विचार वयस्क प्रशिक्षण बेसिक कोर्स कार्यक्रम बी एस जी ज्ञान प्रतियोगिता पर विचार, बिगनर्स कोर्स कार्यक्रम पर विचार तथा अन्य बिंदुओं पर विचार किया गया उद्घाटन वा बैठक कार्यक्रम के दौरान 18 वी राष्ट्रीय जंबूरी में प्रतिभागी स्काउट गाइड को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया साथ ही बेसिक स्काउट मास्टर को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम अध्यक्ष जिला मुख्यायुक्त स्काउट और गाइड जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद में स्काउट गाइड सुचारू रूप से संचालित करने को दिशा निर्देश दिया कार्यक्रम में उपस्थित जिला कमिश्नर चुन्नीलाल सरोज प्रधानाचार्य श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा ने स्काउट गाइड के प्रति अपना सुझाव दिया उपस्थित जिला सचिव राम सुंदर सिंह, सहायक सचिव चंद्र भूषण पांडे, जिला खेल सचिव श्याम लाल, संयुक्त सचिव श्रीमती शशि कला त्रिपाठी, उपाध्यक्ष राम किरण त्रिपाठी प्रधानाचार्य धर्मा देवी इंटर कॉलेज, जिला स्काउट मास्टर अभय सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती प्रेमलता वर्मा, सहायक लीडर ट्रेनर गाइड सुश्री पुष्पा विश्वास, ट्रेनिंग काउंसलर गाइड सुश्री वंदना कुशवाहा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट के द्वारा किया गया अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।



## न्यूज झरोखा

### मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने किया पौधारोपण



**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज विजय विश्वास पन्त ने आज शनिवार को वृक्षारोपण जन अभियान के तहत ग्राम-कोतारी पश्चिम,थाम्भा अलावलपुर, थुलगुला, डोरमा एवं मॉ शीतला अतिथिगृह सयांरा व कॉशीराम गेस्ट हाउस ओसा का निरीक्षण कर पौधारोपण के कार्यों का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने मॉ शीतला अतिथिगृह सयांरा एवं प्राथमिक विद्यालय कोतारी पश्चिम के प्रांगण में पौधारोपण कर आमजन को पौधारोपण के प्रति प्रेरित किया। मण्डलायुक्त ने ग्राम-जलालपुर गोरियों में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए पौधारोपण भी किया।

### खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम



**कौशाम्बी** खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन विभाग कौशाम्बी द्वारा शनिवार को जनपद में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में विभाग द्वारा जनपद में 500 पेड़ लगाया जाना था। उक्त आदेश के अनुपालन में नवनिर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चायल में पेड़ लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहायक आयुक्त खाद्य( ।।) शशि शेखर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत मिश्रा, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, नितिन कुमार व खाद्य सहायक अनिल ने प्रतिभाग किया।

### माहेश्वरी प्रसाद इं.का. में प्रधानचार्य ने किया पौधरोपण



**हर्रायपुर कौशाम्बी** मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के आलमचन्द के माहेश्वरी प्रसाद इंटर मीडियट कालेज में अध्यपको के साथ प्रधानाध्यापक जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने किया पौधरोपण और सभी छात्र छात्राओं को घर मे एक पौधा लगाने को प्रेरित किया इस मौके पर उन्होंने पेड़ से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया

### डायट में जनपद स्तरीय शिक्षक संकुल कार्यशाला हुई आयोजित




**कौशाम्बी** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निर्देशक कार्यालय लखनऊ के आदेश के अनुपालन में दिनांक 20 जुलाई को जिला एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कौशांबी के परिसर में विपुल शिव सागर उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के नेतृत्व में एक दिवसीय शिक्षक संकुल कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ0 सच्चिदानंद यादव जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्राचार्य कौशांबी द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया डीआईओएस कौशांबी ने शिक्षक संकुल को अपने विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने हेतू किए गए प्रयास की प्रसंशा करते हुए कहा कि आप सभी पूर्ण मनोवेग से कार्ययोजना के अनुसार अपने दायित्व का निर्वहन करें। इस मिनट टू मिनट कार्यशाला में। निपुण भारत की शैक्षणिक रणनीति प्रस्तुतिकरण, नई शैक्षणिक सामग्री का विवरण ,टीम बिल्डिंग एक्सरसाइज आदि पर विचार डॉ0 दिलीप कुमार तिवारी स्टेट रिसोर्स ग्रुप कौशांबी द्वारा,, शिक्षण योजना प्रदर्शन, प्रभावशाली शिक्षक संकुल मीटिंग पर सत्र ,दीक्षा ऐप का महत्व,, प्रभावी व प्रेरणादायक शिक्षक संस्कृति, डीसीएफ सम्बंधी जानकारी पर विचार ओम प्रकाश सिंह स्टेट रिसोर्स ग्रुप द्वारा, 5 प्वाइंट टूल, बेस्ट प्रैक्टिस संवाद पर विचार उत्कृष्ट शिक्षक संकुल सुश्री भाग्य, रिचा शर्मा के द्वारा तथा सामुदायिक सहभागिता पर विचार धीरज कुमार डायट प्रवक्ता द्वारा एवम उसी से संबंधित जानकारी वीरेन्द्र सिंह डीसी एमआईएस इंचार्ज द्वारा दिया गया। उक्त कार्यशाला में शिक्षक संकुलो द्वारा अपने अपने विचार सांझा किया गया। श्रीमती भारती त्रिपाठी वरिष्ट प्रवक्ता ने शिक्षक संकुल से पूर्ण ऊर्जा, उत्साह के साथ अपने विद्यालय को निपुण बनाने के लिए आहवान किया। उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर द्वारा सभी शिक्षक संकुल को अपने विद्यालय, ब्लॉक, जिला, प्रदेश को निपुण विद्यालय बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ0 ए0के0 श्रीवास्तव प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता एवम कौशलेंद्र मिश्र, डॉ0 देवेश सिंह, डॉ0 देवेन्द्र कुमार मिश्र, सुरेश चन्द्र मिश्र, डॉ0 दिनेश कुमार यादव, प्रमोद सेठ सहित समस्त डायट प्रवक्ता एवम स्टॉफ उपस्थित रहे। कार्यशाला के संयोजक धीरज कुमार डायट प्रवक्ता कौशांबी रहे।

### बिजली कटौती से परेशान जनता को राहत देने के लिए पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने डीएम को लिखा पत्र

**कौशांबी।** पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अघोषित विद्युत कटौती से त्रस्त जनमानस की पीड़ा को समझते हुए जिला अधिकारी कौशांबी को पत्र लिखकर उनसे तत्काल निदान की अपेक्षा किया है पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने अपने पत्र के माध्यम से डीएम को अवगत कराया कि संपूर्ण जनपद में विद्युत कटौती बार-बार ट्रिपिंग फाल्ट और ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद ना बदले जाने से जनमानस परेशान हैं विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों के मनमानी पूर्ण कार्यप्रणाली से जनता त्रस्त है जिससे सरकार की छवि पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है उन्होंने कहा खासकर भरवारी पावर हाउस की स्थिति दयनीय है नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बे में बिजली की समस्या से जनता परेशान है 8:00 से 10 घंटे ही भरवारी में बिजली मिल पाती है जिससे जनमानस में विभाग और सरकार के प्रति आक्रोश है उन्होने कहा कि यदि तत्काल जिलाधिकारी स्तर पर इसका निदान नहीं हुआ तो शासन स्तर पर कार्यवाही की मांग की जाएगी।

### कौशाम्बी में उर्वरक कन्ट्रोल रूम स्थापित

**कौशाम्बी।** जनपद में कृषकों को उनकी जोत बही आवश्यकतानुसार गुणवत्तायुक्त उर्वरक निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराने, आपूर्ति व वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने तथा कृषकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय कक्ष में उर्वरक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम का मोबाइल न०-6394824252, 9682214541 है।यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम ने देते हुए बताया कि कन्ट्रोल रूम में कृषकों द्वारा प्राप्त होने वाली शिकायतों को रजिस्टर में सूचीबद्ध करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई हैं। अपर जिला कृषि अधिकारी कन्ट्रोल रूम के प्रभारी है एवं कन्ट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों को तत्काल प्रभाव से निस्तारित किया जायेगा।

### अभियुक्त गुफरान के पुलिस मुठभेड़ में मौत पर मजिस्ट्रेट की जांच शुरू

**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में 27.06.2023 को सुबह करीब 05.00 बजे ससुर खदेरी नदी के पुल के ऊपर मंझनपुर की तरफ आने वाले रास्ते में थाना मंझनपुर क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त गुफरान एवं एसटीएफ टीम के मध्य मुठभेड़ में अभियुक्त गुफरान पुत्र रिजवान निवासी पूरनपुर पटखान चौकी पृथ्वीगंज थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़, हाल पता आजाद नगर कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ के मुठभेड़ में घायल होने एवं तदुपरान्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर, कौशाम्बी ले जाने पर चिकित्सकों द्वारा अभियुक्त गुफरान को मृत घोषित करने के सम्बन्ध में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-174 के उपबन्धों के अधीन मृत्यु समीक्षा उप जिला मजिस्ट्रेट, सिराथू द्वारा की जा रहीं है। उप जिला मजिस्ट्रेट, सिराथू ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जिलाधिकारी कौशाम्बी के आदेशानुसार इस प्रकरण के सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति 15 दिवस के अन्दर किसी भी कार्यादिवस पर उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपना कथन अंकित करा सकते हैं।

संपादकीय

## अमरबेल केजरीवाल बनाम वटवृक्ष कांग्रेस का इण्डिया

मोदी के अंधविरोध की मानसिकता से ग्रसित कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व अपनी पार्टी की प्रगति के प्रति जागरूकता और अपनी बिगडती छवि के प्रति इतना संवेदनशील नहीं है, जितना मोदी को बदनाम करने की मानसिकता से ग्रसित है। इसके लिए कांग्रेस अपने घोषित दुश्मनों को गोद में बैठा कर दूध पिलाने से भी नहीं हिचक रही है। बजाय इसके कि वह अपनी छवि सुधार कर एक सशक्त प्रतिद्वंद्वी के रूप में मोदी का सामना करे, उसके बजाय वह एक डरे हुए प्रतिद्वंद्वी के रूप में विभिन्न उपादानों और सहारों के माध्यम से और थोथी नारेबाजी के सहारे, जिसमें अपने विपक्षी संगठन का नाम आईएनडीआईए (इंडिया) रखकर मोदी जैसे सशक्त प्रतिद्वंद्वी को हराने के दिवास्वप्न देख रही है। भारत की एक मात्र अखिल भारतीय स्तर की पार्टी होने के कारण कांग्रेस को भारतीय राजनीति में विशाल वटवृक्ष (बरगद) कहा जाता था। इंदिरा गांधी और किसी हद तक राजीव गांधी के समय तक यह स्थिति बनी रही किन्तु सोनिया गांधी के कमान अपने हाथ में लेने के बाद से इसमें क्षरण शुरू हो गया, किन्तु जब देश राजीव गांधी के असमय निधन से जब उबरा तो कांग्रेस को अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए विभिन्न दलों के समर्थन की आवश्यकता पड़ी और उसने अपनी वटवृक्षीय शाखाओं पर विभिन्न दलरूपी पक्षियों को बैठाना शुरू कर दिया। जिससे सहायक दल तो मजबूत होकर उभरते गये मगर कांग्रेस इनकी सामूहिक शक्ति के आगे बेबस और अपने हितों के विपरीत सत्ता की लालसा के चक्कर में, समझौते करने की स्थिति में पंहुचती चली गयी। इन अनचाहे समझौतों के चलते कांग्रेस की जनछवि में लगातार डेंट पड़ते चले गये और उसकी छवि एक दागदार दल के रूप में होगयी। पहले की स्थिति यह थी कि कांग्रेस का वटवृक्ष अपने नीचे किसी अन्य पेड़ को पनपने नहीं देता था तथा इसकी जड़ें आसपास के क्षेत्र को भी अपनी छत्रछाया में लेकर कब्जा कर लेती थीं, मगर अब स्थिति, पुरानी से बिलकुल उलट हो चुकी है। इस वटवृक्ष की शाखाओं और तने के सारे कोटरों में कई प्रकार के पक्षी, सांप, गिलहरी तथा गिद्ध भी डेरा जमा चुके हैं। वटवृक्ष की छत्रछाया में उन्हें फलने फूलने का पूरा पूरा सुअवसर मिल रहा है। इस तरह अपने सहयोगियों के कारण कांग्रेस सिमटती चली जा रही है और उसका हर सहयोगी उसे आँखें भी दिखा रहा है और मनमानी भी कर रहा है।

कुल मिला कर कांग्रेस मुक्त भारत का टास्क लेकर सत्ता में आये मोदी को कोई विशेष प्रयास भी नहीं करने पड़े और कांग्रेस अपने अविवेकी निर्णयों के चलते अपने विनाश के लिए गड्ढ खोदती चली गयी। अब जब कांग्रेस ने अपनी जड़े काटने के लिए यूपीए के स्थान पर ह्यइण्डियाह्ल बना लिया है तो स्वयं अपनी जड़ों में मट्ठा डालने की अविवेकी व्यवस्था करली है। तना तो पहले ही खोखला हो चुका है। अपने ड्रीम प्रोजेक्ट संगठन ह्यइण्डियाह्ल में संख्या बढ़ाने और मोदी विरोधियों को एक मंच पर इकट्ठा करने की तुगलकी सनक के चलते ह्यइण्डियाह्ल नामधारी संगठन में जो जो नेता इकट्ठे किये हैं वे लगभग सभी अपनी महत्वाकांक्षाओं के कारण कांग्रेस से ही कट कर और कांग्रेस को ही गरियाकर आज इस स्थिति में पंहुचे हैं, कि वे कांग्रेस जैसे बड़े अखिल भारतीय दल को आँखें दिखा सकें। चाहे वह ममता बनर्जी हों, चाहे शरद पवार हों, चाहे लालू यादव या नीतीश कुमार हों, इन्होने अपने अपने राज्यों से कांग्रेस को भयंकर नुकसान ही पंहुचाया है और आगे भी इनसे किसी भलाई की उम्मीद बेमानी होगी।

वर्तमान परिस्थितियों में भाजपा के मुकाबले से त्रस्त ममता बंगाल में कांग्रेस को अपने वोट नहीं काटने देंगी लालू यादव और नीतीश कुमार अपने गढ़ में कांग्रेस को मजबूत नहीं होने देंगे। हालांकि शरद पवार के पास मराठवाडा के पांच छैः जिले ही हैं मगर उनमें भी वे किसी दशा में नहीं चाहेंगे कि वहां कांग्रेस अपनी जड़ें मजबूत करले और उन्हें चुनौती देने की स्थिति में पंहुच जाय। जहां तक मुम्बई का प्रश्न है उद्धव कभी भी नहीं चाहेंगे कि कोई और दल जिसमें कांग्रेस भी शामिल है मुम्बई में फले फूले। क्योंकि उद्धव शिवसेना का अस्तित्व ही मुम्बई के कारण है। इसी तरह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी कभी नहीं चाहेंगे कि उप्र में कांग्रेस फिर फलेफूले। दक्षिण में कांग्रेस मात्र द्रमुक के भरोसे दो चार सीटें भले ही हथियाले मगर केरल में उसे बामदल अभी से अंगूठा दिखा रहे हैं।

जहां तक केजरीवाल का प्रश्न है तो वे तो अमरबेल ही हैं। कांग्रेस के मुखर विरोध से ही उनका अभ्युदय हुआ है और उन्होंने कांग्रेस के वोट पर ही हाथ साफ किया है। परिणाम सामने है दिल्ली और पंजाब से कांग्रेस की जड़ें काट कर उन्होंने दोनों राज्यों को ह्यकांग्रेस मुक्तह्ल बना दिया है और गुजरात के भी अधिकाँश कांग्रेसी वोटों पर अपना कब्जा जमा लिया है। कांग्रेस समर्थक भाजपा विरोधी वोटों को वे कांग्रेस के विकल्प के रूप में पसंद आ रहे हैं। वे राजस्थान और मध्यप्रदेश में भी निश्चित रूप से चुनाव लड़ेंगे और कांग्रेस के ही वोटों को नुकसान पंहुचाएंगे क्योंकि भाजपा के वोट तो उनके फ्री रेवड़ी प्रलोभनों में आने से रहे।

कुल मिला कर अगर कोई क्रांतिकारी परिवर्तन सामने नहीं आता तो कांग्रेस दिवास्वप्न कितने ही देखले जब अंतिम रूप से प्रत्याशी घोषित करने की बात सामने आएगी तो यह सारे दल विभिन्न बहानों से बडप्पन के नाम पर कांग्रेस को ही दबाने का प्रयास कर उसे और छोटा करने की कोशिश करेंगे और अगर वह नहीं मानेगी तो असंतुष्ट दल अपने अपने प्रत्याशी खड़े कर देंगे। यह स्थिति कांग्रेस के हित में नहीं होगी। हालांकि कोई दावा तो नहीं किया जा सकता और ना ही कोई भविष्यवाणी की जा सकती है किन्तु केजरीवाल के अब तक के कार्य व्यवहार को देखते हुए उनका अंत तक कांग्रेस के साथ टिका रहना असंभव लगता है। उनके साथियों ने तो बेंगलुरु मीटिंग के अगले दिन से ही केजरीवाल के प्रधानमंत्री पद के दावे की घोषणा शुरू करदी है।

# मणिपुर के बाद अब बंगाल के हवादा से देश शर्मसार , महिला प्रत्याशी को निर्वस्त्र करके घुमाया

**अशोक भाटिया**

मणिपुर के बाद अब ममता बनर्जी के पश्चिम बंगाल की घटना ने देश को हिला कर रख दिया है। मणिपुर की तरह अब बंगाल की घटना से पूरा देश शर्मसार है। महिला मुख्यमंत्री के राज्य पश्चिम बंगाल में एक महिला उम्मीदवार को पंचायत चुनाव में वोटिंग के दौरान निर्वस्त्र करके घुमाने का मामला आज चर्चा में है। मामला आठ जुलाई का है। हावड़ा जिले के पांचला इलाके की एक ग्राम पंचायत की महिला उम्मीदवार ने ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं पर छेड़छाड़ और उसे निर्वस्त्र कर पूरे गांव में घुमाने का आरोप लगाया है।



मामले में पांचला थाने में एफआइआर दर्ज हो चुका है। महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि मुझे तृणमूल कांग्रेस के करीब 40 उपद्रवियों ने मारा-पीटा और मुझे मतदान केंद्र से बाहर फेंक दिया। उन लोगों ने मेरे कपड़े फाड़ने की कोशिश की और मुझे नग्न होने पर मजबूर किया। हैरानी की बात यह है कि ममता बनर्जी अपने राज्य में महिलाओं के नग्न घुमाए जाने की कोई चिंता न करते हुए मणिपुर मामले पर ट्वीट करते हुए लिखती है कि मणिपुर के भयानक वीडियो को देखकर दिल टूट गया है। महिलाओं के खिलाफ हुई इस हिंसा की पीड़ा को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। हमें उपद्रवियों के ऐसे अमानवीय कृत्यों की निंदा करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए एकजुट होना चाहिए। इस पर बीजेपी नेता अमित मालवीय ने पलटवार किया है। हावड़ा में महिला को नग्न कर घुमाने वाली घटना की याद दिलाते हुए अमित मालवीय ने ममता बनर्जी से पूछा कि क्या उन्हें शर्म आती है?

बीजेपी ने कहा है कि मणिपुर में जो घटना हुई वो बहुत दुखद है, ऐसी घटना कहीं भी नहीं होनी चाहिए लेकिन बंगाल के दक्षिण पांचला में भाजपा की महिला सदस्य को पंचायत चुनाव लड़ने के कारण निर्वस्त्र कर-के घुमाया गया। ये भी मणिपुर से कम दुखद घटना नहीं है। एक ही दिन में बंगाल के अलीपुर द्वार और वीरभूम में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया गया। जिस तरह से पश्चिम बंगाल में महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ हो रहा है, वह बहुत चिंताजनक है।

ऐसे में सवाल उठता है कि मणिपुर मामले में इस्तीफा मांगने वाली पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री क्या खुद इस्तीफा देगी? क्या मणिपुर में महिला को नग्न कर घुमाने के मामले में संसद में हंगामा करने वाले सोनिया गांधी और राहुल गांधी की पार्टी के नेता बंगाल मामले पर ममता से इस्तीफा मांगेगे? क्या मणिपुर मामले पर स्वतः संज्ञान लेने वाले सुप्रीम कोर्ट से सीजेआई इसमें भी कोई संज्ञान लेगें या सेलेक्टिव अप्रोच अपनाएंगे? क्या मणिपुर मामले पर संसद नहीं चलने देने वाले विपक्षी नेता बंगाल मामले पर अपना मुंह खोलेंगे? क्या कथित पक्षकार इस मामले पर भी ममता सरकार को निशाने पर लेंगे या चुप्पी साध लेंगे? ऐसे में इन सभी के सेलेक्टिव अप्रोच को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा देखा जा सकता है।

इधर, इस घटना के सामने आने के बाद भाजपा के आइटी सेल के प्रमुख व पश्चिम बंगाल भाजपा के सहप्रभारी अमित मालवीय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि ममता बनर्जी को क्या कोई शर्म है? आपके राज्य सचिवालय से कुछ ही दूरी पर यह घटना हुई है। आप एक विफल मुख्यमंत्री हैं और आपको अपने बंगाल पर ध्यान देना चाहिए। इससे पहले मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सबने कड़ी निंदा की और इसे मानवता के खिलाफ जघन्य कृत्य बताया। ममता ने घटना को लेकर भाजपा व केंद्र सरकार की जमकर आलोचना की।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में हुए पंचायत चुनाव के दौरान भारी हिंसा हुई थी जिसमें 20 से ज्यादा लोगों की जान गई थी। इस दौरान मतपत्रों की लूट और धांधली के मामले भी सामने आए थे। मुर्शिदाबाद, कूच बिहार, मालदा, दक्षिण 24 परगना, उत्तरी दिनाजपुर और नदिया जैसे कई जिलों से बूथ कैप्चरिंग, मतपेटियों को नुकसान पहुंचाने और पीठासीन अधिकारियों पर हमले की खबरें सामने आई थीं।

वहीं, जानी मानी फिल्म निमार्ता अपर्णा सेन ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव में हुई हिंसा को लेकर राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसकी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती हैं। मानवाधिकार समूह की ओर से आयोजित सेमिनार में सेन ने कहा कि वह भी हर किसी की तरह असहाय होकर स्थिति को देख रही थीं।

मुख्यमंत्री को बांग्ला में लिखे खुले पत्र को पढ़ते हुए फिल्म निमार्ता ने कहा, राज्य सरकार और आप (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) इस अराजकता के लिए जिम्मेदार हैं। राज्य चुनाव आयोग और केंद्रीय बलों को स्थानीय पुलिस और प्रशासन पर निर्भर रहना पड़ता है। राज्य के गृह मंत्री के रूप में, आप किसी भी तरह से अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती हैं।

हद तो तब हो गई जब भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी शुक्रवार को 8 जुलाई को पंचायत चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में सत्तारूढ़ टीएमसी कार्यकताओं के हाथों उनकी पार्टी के उम्मीदवार पर यौन उत्पीड़न की एक कथित घटना के बारे में बोलते हुए रो पड़ीं। भाजपा को इस घटना को लेकर एक प्रेस वार्ता आयोजित करनी पड़ी जिसमें नई दिल्ली से महिला सांसदों की पांच सदस्यीय टीम ने बुधवार को पंचायत चुनाव के बाद हिंसा के पीड़ितों से मिलने के लिए पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के अमता का दौरा करने को भेजा ।

भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा द्वारा नियुक्त टीम ने उत्तर 24 परगना के हिंसा प्रभावित देगंगा का भी दौरा किया, जहां उसने आगजनी का प्रत्यक्ष विवरण लेने के अलावा उन लोगों से मुलाकात की जिनके घर जला दिए गए थे।ह्लहम भी महिलाएं हैं, हम चाहते हैं कि हमारी बेटियां सुरक्षित रहें। हम भी इस देश की बेटियां हैं. पश्चिम बंगाल (देश) के बाहर नहीं है, पश्चिम बंगाल देश के भीतर है," सांसद लॉकेट चटर्जी ने भाजपा की प्रेस वार्ता के दौरान भावुक होते हुए कहा था .

प्रधानमंत्री ने भी कल मणिपुर की घटना के बारे में बात की लेकिन उन्होंने सभी बेटियों के लिए कहा कि सभी राज्यों में कानून और व्यवस्था की स्थिति मजबूत होनी चाहिए। वह (पीड़िता) सिर्फ मणिपुर की बेटी नहीं है, वह भारत की बेटी है। हम चाहते हैं कि आप हमारी (बंगाल की) बेटियों के बारे में भी बात करें. वे कहाँ जाएंगे?" उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की कल संसद के बाहर की गई टिप्पणियों का हवाला देते हुए टिप्पणी करते हुए कहा था .

पश्चिम बंगाल में हाल में जो पंचायत चुनाव हुए थे उसमे जब टीएमसी पंचायत चुनाव में जीत का जश्न मना रही थी तब इस जश्न में उन परिवारों की चीत्कार कहीं खो गई, जिनके परिजन चुनावी हिंसा के शिकार हुए। 16 मौतों के लिए के लिए मातम का वक्त अभी खत्म नहीं हुआ है। खून से सने पोलिंग बूथ, टूटी मतपेटियां और बुलेट-बम की खौफनाक तस्वीरें भी जश्न के गुलाबी-हरे रंग में खो जाएंगी। यह जीत इसकी गारंटी नहीं है कि अगले चुनाव में यहां हिंसा नहीं होगी। आखिर चुनावों के दौरान बंगाल में हिंसा क्यों होती है? क्या यह पश्चिम बंगाल की नीयती है या सरकारी तंत्र की विफलता। चुनाव आयोग या सरकार, किसी न किसी को इन मौतों की जिम्मेदारी लेनी होगी।

बंगाल विधानसभा के इस चुनाव के दौरान 16 लोगों की मौत हुई थी और उसके बाद भी 9 हत्याएं हुई थीं। लोकसभा चुनाव 2019 के बाद भी 9 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। 2018 के पंचायत चुनाव में भी बंगाल में 23 लोग मारे गए थे। इससे पहले भी चुनावों में राजनीतिक हत्याएं होती रही हैं। नक्सलबाड़ी के लिए मशहूर बंगाल में राजनीतिक हत्याओं का इतिहास पांच दशक से ज्यादा पुराना है। 1971 में कांग्रेस के सिद्धार्थ शंकर रे के शासनकाल में शुरू हुआ हिंसा का दौर आज तक नहीं थमा। कांग्रेस के बाद सीपीएम, फिर टीएमसी सत्ता में आई। लंबे समय तक ज्योति बसु, बुद्धदेब भट्टाचार्य और ममता बनर्जी सीएम के तौर पर कुर्सी पर काबिज रहीं मगर इनके राज में हिंसा नहीं रुकी । 2011 में वाम दलों का किला ढहा तब यह उम्मीद जताई गई कि ममता बनर्जी इस रक्तरंजित गाथा पर पूर्णविराम लगाएंगी, मगर ऐसा नहीं हुआ। ममता बनर्जी के शासनकाल में भी 12 साल से बंगाल चुनावों में लहूलुहान हो ही रहा है। एनसीआरबी के आंकड़े बताता हैं कि 10 साल के शुरूआती ममता राज में 150 लोग चुनावी हिंसा के शिकार हुए। अब तो चुनावी हिंसा भद्रलोक के बंगाल की संस्कृति बन गई है।

दरअसल राजनीतिक हिंसा का दौर 70 के दशक में उभरा। वर्चस्व की लड़ाई में सीपीएम के कैडर्स ने वोटरों को धमकाना शुरू किया। अपने-अपने इलाकों में पार्टी के लिए ज्यादा वोट जुटाने वाले कैडर पार्टी में बड़े ओहदों पर बैठाए गए। थाना और प्रशासन में उनका दखल बढ़ा। जिन कार्यकताओं का कद बढ़ा, वह खनन माफिया बन गए। उनका नियंत्रण बालू और कोयला खदानों पर होने लगा। इन कार्यकताओं के बढ़ते कद ने बंगाल को राजनीतिक हिंसा के लिए प्रेरित किया। 2011 तक पहले कांग्रेस, फिर टीएमसी माकपा से यह लड़ाई रहती रही। 2011 में तृणमूल कांग्रेस ने सत्ता पर कब्जा किया तो राजनीतिक तौर से बंगाल में परिवर्तन हुआ मगर ग्राउंड पर दबंगई और माइनिंग माफिया वाला नेटवर्क बना रहा। जब दूसरी बार ममता बनर्जी सरकार में लौटीं तब एक परिवर्तन और हुआ। वामपंथी दलों के दबंग नेता और माफिया पांच साल में तृणमूल कांग्रेस का हिस्सा बन चुके थे। राजनीति की मजबूरी है कि ऐसे लोगों को सत्ता दंडित नहीं कर सकती है और ममता चली है राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने व दूसरे राज्य की खामिया बताने कि मेरी कमीज उससे उजली हैं ।

# मणिपुर की हिंसा को सांप्रदायिक रंग देना गलत

**गौतम चौधरी**

विगत चार मई को मणिपुर में हिंसा भड़कने के बाद, इम्फाल घाटी के पहाड़ियों पर स्थित मैतई समुदाय के कई ऐतिहासिक मंदिरों को आग के हवाले कर दिया गया है। इसके बाद असामाजिक तत्वों ने कई गिरिजाघरों में तोड़-फोड़ की । खबर है कि कुछ चर्चों को जला भी दिया गया है। इधर दो दिन से एक खास समुदाय विशेष की महिला को नंगा घुमाए जाने का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो को लेकर लगभग सभी जिम्मेदार संगठनों ने निंदा की है।



यहां यह स्पष्ट कर देना ठीक रहेगा कि मणिपुर का संकट दो जातीय समूहों के बीच की लड़ाई है न कि साम्प्रदायिक संघर्ष। इस मामले को जो लोग साम्प्रदायिक रंग देने पर तुले हैं उनके पूर्वाग्रह को साफ तौर पर देखा व समझा जा सकता है। सरकारी और गैर सरकारी दोनों प्रकार की एजेंसियों ने भी यह माना है कि पिछले कुछ दिनों में 100 से अधिक लोगों की जान लेने वाला मणिपुर का संकट दो जातीय समूहों के बीच की लड़ाई है। ये दोनों जातियां एक राज्य की राजधानी इम्फाल घाटी में बसी है तो दूसरे का निवास पहाड़ियों में अवस्थित है।

देश के कुछ ईसाई संगठन, राष्ट्र विरोधी ताकतें और साम्प्रदायिक तत्व इस घटना को विशुद्ध साम्प्रदायिक घोषित करने पर तुले हुए हैं। इसे हिन्दू और ईसाई समूहों की लड़ाई साबित करने की कोशिश हो रही है। बताया जा रहा है कि मैतई हिन्दू हैं और कुकी ईसाई, इसलिए इन दोनों के बीच की यह लड़ाई, हिन्दू बनाम ईसाई के बीच की लड़ाई है, जबकि तथ्य इसके ठीक विपरीत है। शेष देश के अधिकांश समाचार माध्यमकर्मी और बुद्धिजीवी पूर्वोत्तर के बारे में अनजान हैं। वे अंजाने में इस क्षेत्र की जटिलताओं को एक ऐसे विश्व दृष्टिकोण में बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं जिसका वास्तविकता से कोई लेनादेना नहीं है।

मणिपुर हिंसा के मद्देनजर गौरतलब यह है कि मैतई समुदाय के अंतर्गत ईसाई अनुयायी भी आते हैं। मणिपुर की हिंसा का प्रारंभ एक कुकी बाहुल्य जिले चुराचांदपुर से हुआ है जो धीरे-धीरे राज्य के कई जिलों में फैल गया है। याद रहे चुराचांदपुर में मैतई समुदाय के लोगों की संख्या बहुत कम है। इस हिंसा से कुकी और मैतई दोनों समुदायों के लोग समान रूप से प्रभावित हुए हैं। सरकार ने अपने राहत शिविर, पुनर्वास और पुनर्स्थापना के तमाम प्रयास न केवल मैतई क्षेत्रों में किए हैं बल्कि कुकी बाहुल्य क्षेत्रों में भी समान रूप से किया है। देश की मीडिया का एक हिस्सा और पूर्वोत्तर ईसाई चर्चों के प्रमुख इस बात को प्रचारित करने में लगे हैं कि इस पूरी घटना में ईसाइयों का धार्मिक आधार पर उत्पीड़ण किया जा रहा है। यदि ऐसा ही होता तो मैतई में जो ईसाई हैं उन्हें मैतई हिन्दुओं के द्वारा उत्पीड़ित किया जाना चाहिए था लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। उपरोक्त तथ्यों से ईसाई उत्पीड़न और धार्मिक आधार पर होने वाली हिंसा का खंडन होता है। जहां तक सरकारी सुविधा और संरक्षण की बात है तो वह दोनों समुदायों को समान रूप से पहुंचाया जा रहा है। सरकार पर पूर्वाग्रही होने का आरोप भी निराधार साबित हो रहा है। यहां सरकारी एजेंसियां न तो जाति देख रही है और न ही संप्रदाय। मणिपुर में इस घटना के दौरान हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। समस्या अभी भी समाप्त नहीं हुई है और वह जटिल होती जा रही है। इसलिए सरकार की एजेंसी पर आरोप लगाना और इसे सांप्रदायिक रंग देना, देश हित के खिलाफ है। जो लोग हिंसा का शिकार हो रहे हैं, उनके लिए धर्म की पहचान कोई मायने नहीं रखती । वे केवल और केवल हिंसा के शिकार हैं और उन्हें किसी भी कीमत पर सुरक्षा एवं सहयोग मिलना चाहिए। यहां एक बात का जिक्र करना जरूरी है कि दोनों समुदायों में वहीं सबसे ज्यादा पीड़ित हैं, जिनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति कमजोर है। जो लोग बार-बार यह टिप्पणी दुहराते हैं कि मणिपुर की हिंसा हिन्दू मैतई और ईसाई कुकियों के बीच है, वे निहायत गलत हैं। इस मामले को साम्प्रदायिक रंग देना पूरी तरह से गलत है। इससे किसी का भला होने वाला नहीं है।

जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्तियों द्वारा मणिपुर में हिंसा की गलत व्याख्या ठीक नहीं हैं। उन्हें इससे बचना चाहिए। यह शांति की दिशा में हो रहे प्रयास को क्षति पहुंचाने वाला साबित होगा। ऐसा करने से या केवल एक समुदाय के पक्ष में खड़े रहने से, दूसरे समुमदाय के खिलाफ पूर्वाग्रह के आरोपों को बल मिलेगा। यूनाइटेड किश्चन फोरम आफ नौर्थइस्ट, बैपटिस्ट चर्च कौंसिल नागालैंड, खासी जयंतिया चर्च लीडर्स फोरम और केरल के मलआमकार माथोर्मा सीरियन चर्च के जिम्मेदार धर्माधिकारियों ने मानव जीवन के मूल्यों की रक्षा के साथ-साथ हिंसा से बचने और शांति की अपील की है। ईसाई समुदाय को यह समझना होगा कि मणिपुर की हिंसा दो नृजातीय समुहों के बीच है, न कि किसी धार्मिक समूहों के बीच। कुछ राष्ट्र विरोधी ताकतें, कुछ चर्च के धर्माधिकारी और मीडिया का एक खास हिस्सा इसे साम्प्रदायिक रंग देने में लगे हैं । इसे किसी कीमत पर सही नहीं ठहराया जा सकता है। फिलहाल जरूरत, नफरत फैलाने के बजाए हमें अपना ध्यान विस्थापित लोगों के पुनर्वास और शांति के संदेशों पर केन्द्रित करना चाहिए, जिसका संदेश प्रभु यीशु ने समस्त मानव जाति के लिए दिया है।

## रोबोटिक्स और एटोमिक हथियारों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग घातक

विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने मानव को अब तक बहुत सी सुविधाएं प्रदान की हैं। विज्ञान मानव के लिए वरदान भी साबित हुआ है तो वहीं दूसरी ओर विज्ञान मानवजाति के लिए अभिशाप भी साबित हुआ है। आज हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(कृत्रिम बुद्धि)के युग में सांस ले रहे हैं। जी हां ,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कि कृत्रिम बुद्धि। दूसरे शब्दों में यदि हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(कृत्रिम बुद्धि)को समझना चाहें तो हम यह बात कह सकते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) यानी कि कृत्रिम बुद्धि मशीनों द्वारा मानव संज्ञानात्मक(कोगनेटिव) प्रक्रियाओं का अनुकरण है। यह प्रक्रियाओं को स्वचालित(आटोमैटिक )करता है और आईटी सिस्टम में संज्ञानात्मक कंप्यूटिंग (मानव विचार प्रक्रियाओं का अनुकरण) को लागू करके मानव बुद्धि को अनुकरण करना इसका लक्ष्य है। सरल शब्दों में यह बात कही जा सकती है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कि कृत्रिम बुद्धि कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट या फिर मनुष्य की तरह इंटेलिजेंस तरीके से सोचने वाला सॉफ़्टवेयर बनाने का एक तरीका है। यह इसके बारे में अध्ययन करता है कि मानव मस्तिष्क कैसे सोचता है और समस्या को हल करते समय कैसे सीखता है, कैसे निर्णय लेता है और कैसे काम करता है ? वर्तमान सदी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक नया संप्रत्यय या कंसेप्ट है जो हम सभी के सामने है। वास्तव में, कृत्रिम बुद्धि या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर साइंस की एक ऐसी शाखा है जो कुछ इस प्रकार की मशीनों, सॉफ्टवेयर और रोबोट को विकसित करती है जो इंसानों की तरह सोच सकें। जैसे कि किसी समस्या को सुलझाना, आवाज आदि की पहचान करना और कोई हलचल का आभास करना आदि। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से बहुत से कामों को अंजाम दिया जा रहा है। मशीनें आज आदमी की तरह सोचने लगीं हैं और आदमी जैसे अपनी बुद्धि से काम करता है, ठीक वैसे ही आदमी का सारा काम मशीनें करने लगीं हैं। हाल ही में राजस्थान में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा नवाचार किया गया है। यहां कक्षा तीन से कक्षा आठवीं तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से कोई एकाध लाख नहीं अपितु 1.35 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की गई। यह ठीक है कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल से संचार, रक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और कृषि आदि क्षेत्रों में बड़ा बदलाव आ सकता है या आ रहा है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कंम्पयूटर गेमिंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (नेचुरल लेंग्वेज प्रोसेसिंग), एक्सपर्ट सिस्टम, विजन सिस्टम, स्पीच रिकग्निशन, इंटेलीजेंट रोबोट आदि में किया जा रहा है। इतना ही नहीं आज चिकित्सा, परिवहन, विज्ञान, शिक्षा, सेना, निगरानी, ??वित्त और इसके विनियमन, कृषि, मनोरंजन, खुदरा, ग्राहक सेवा और विनिर्माण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग लगातार किया जा रहा है। वास्तव में आज मानव ने ऐसा सिस्टम या ऐसी मशीनों को विकसित कर लिया है जो बिना इंसानी मदद के इंसान का सारा काम करने में सक्षम है। यानी कि आज मशीनों को मानव द्वारा बुद्धिमान बनाया गया है। आज मशीनें आदमी की तरह सोच समझकर निर्णय ले रहीं हैं, अपनी बुद्धि का प्रयोग कर रहीं हैं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से आज मशीनें अपनी समस्याओं को खुद ही पलभर में हल कर रहीं हैं। यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में सबसे पहले दुनिया को जॉन मैकॉर्थी ने बताया था। इसीलिए उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जनक कहा जाता है। जॉन मैकॉर्थी एक अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक और

शोधकर्ता थे। वर्ष 1956 में उन्होंने डार्ट माउथ कालेज की एक कार्यशाला में भाग लिया था और कृत्रिम बुद्धि या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी।जॉन मैकॉर्थी के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक उच्च कोटि का कम्प्यूटर विज्ञान है। जिसकी मदद से मशीनों में बुद्धिमत्ता का विकास किया जा सकता है। अर्थात ऐसे रोबोटस और कम्प्यूटर प्रोग्राम बनाए जा सकते हैं, जो मानव मस्तिष्क के सिद्धांत पर कार्य करें, और उन्हीं तर्कों का इस्तेमाल करें, जो मानव मस्तिष्क करता है। बहरहाल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के युग में वरदान साबित हो रही है, वहीं दूसरी ओर इसके खतरे भी कम नहीं हैं। विज्ञान मानव के लिए सहूलियतें लेकर आता है तो वहीं दूसरी ओर कुछ खतरे भी लेकर आता है।

## मोदी की विदेश यात्राओं के बहुआयामी पक्ष

मोदी जी देश के प्रधानमंत्री होने के साथ.साथ देश के प्रधान सेवक भी हैं। राष्ट्र के प्रति मोदी जी का सेवा भाव देखते ही बनता है। वह बिना थकेए बिना रुकेए राष्ट्रहित में होने वाले कार्यों को करने में जरा भी नहीं हिचकते हैं। मोदी जी हर समय जन सेवा भाव में डूबे नजर आते हैं। मोदी जी की फ्रांस और यूएई की दो देशों की यात्रा के दौरान बहुत से राजनीतिकए शैक्षिकए सामाजिकए व्यापारिकए सांस्कृतिक समझौते और कार्य हुए। आपको बता दें कि मोदी जी की फ्रांस की छठी और यूएई की पाँचवी यात्रा रही। मोदी जी फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान बास्टी दिवस परेड में सम्मानित अतिथि रहे। इस अवसर पर मोदी जी के साथ फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी रहें। इस अवसर पर भारतीय सेना के तीनों अंगों के मार्चिंग दस्ते ने भी परेड में हिस्सा लिया।

फ्रांस में भारतवर्ष के प्रति राजनीतिक सम्मान के साथ साथ सैन्य समझौते के आधार पर भी यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण रही। फ्रांस सरकार मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत भारत में रक्षा उपकरणों तथा हथियारों का उत्पादन करने को तैयार है। इस यात्रा के दौरान मोदी जी ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच रक्षा अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने की संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत फ्रांस के मार्शे शहर में नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा। हम फ्रांस सरकार की तरफ से यहां पढ़ने वाले भारतीयों की लंबी अवधि का वीजा देने के प्रस्ताव का स्वागत करते हैं। हम फ्रांस के विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित करते हैं। मोदी जी की फ्रांस यात्रा में शिक्षाए रक्षाए परमाणु ऊर्जाए ब्लू इकोनामीए कारोबारए निवेश पर महत्वपूर्ण मजबूती मिली है। मोदी जी को फ्रांस सरकार की ओर से फ्रांस का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान लीजन ऑफ ऑनर दिया गया। मोदी जी को इससे पहले भी एक दर्जन से अधिक सम्मान अलग.अलग देशों से मिल चुके हैं। इतने सम्मान भारत के किसी प्रधानमंत्री को पहले नहीं मिले हैं। इस सम्मान के अलावा फ्रांस में उपहार स्वरूप मोदी जी को 1913 से 1927 के बीच प्रकाशित साहित्यकार मार्सेल प्रूस्ट के उपन्यास इन सर्च आफ लोस्ट टाइम की श्रृंखला दी गई।

# शिक्षा चौपाल का किया गया आयोजन



**अखंड भारत संदेश**
**मऊ चित्रकूट ।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक लखनऊ के निदेर्शानुसार शिक्षा चौपाल के तहत निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिये शनिवार को कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय पूरबपताई में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरूवात मां सरस्वती की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।
एआरपी छविलाल सर ने स्कूल रेडिनेस एवं निपुण भारत को सफल बनाने के लिए उपस्थित सभी अभिभावको से बच्चों को नियमित भेजने हेतु कहा।
एआरपी गंगाधर ने बताया कि सभी पुस्तकों मर क्यू आर कोड दिया गया है आप अपने बच्चों को मोबाइल से स्कैन कर वीडियो के माध्यम से सीखने का मौका दे। आरएपी महेश जी ने मिशन कायाकल्प के बारे में विस्तार से जानकारी दी कि ग्राम पंचायत के सहयोग से विद्यालय के सभी पैरामीटर्स संतृप्त कराए ।एआरपी आनंद मिश्र ने शिक्षक संदर्शिकाओ का टीएलएम का तथा डिजिटल कॉन्टेंट का बेहतर उपयोग कैसे हो बताया जिससे कक्षा का रूपांतरण हो सके।खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय ने कहा कि शासन हर बार की तरह इस बार भी शिक्षा के प्रति गंभीर है जुलाई माह में ही सभी कक्षाओं की सभी विषयों की पुस्तकों को विद्यालय को उपलब्ध करा दी गई है । और कहा कि बच्चों में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने और प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने के लिए शासन ने संदर्शिकाये पाठ योजनायें प्रिंट रिच मैटेरियल टीएलएम प्रेरणा सूची प्रेरणा तालिकायें विज्ञान किट गणित किट उपलब्ध कराई गई है जो कि शिक्षक कक्षा में प्रयोग कर रहे हैं। और कहा कि अभी हाल ही में 19 जुलाई जो माननीय मुख्यमंत्री जी ने डीबीटी केमाध्यम से सभी के खातों में1200 रुपये की धनराशि भेज दी गई है जिसे निकाल जर बच्चों को यूनिफॉर्म जुते मोजे बस्ता स्वेटर और स्टेशनरी को खरीद दे जिससे बच्चो को पढ़ने में कोई बाधा उत्पन्न न हो।अंत मे विद्यालय के कक्षा 1 2 व 3 के जो बच्चे निपुण हो गए हैं इन्हें तथा 2 शिक्षकाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया । आज की शिक्षा चौपाल में विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य प्रधान प्रतिनिधि विपिन सिंह सुनील तिवारी विद्यालय जे समस्त शिक्षक तथा गांव के अभिभावक गण उपस्थित थे।विद्यालय के इंचार्ज प्र0अ0 बालेन्द्र सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारी सभी एआरपी सभी अध्यापक बंधुओ का और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## शिकायतकर्ता को भी करें संतुष्टः एएसपी, थाना समाधान दिवस में सुनी समस्यायें



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने रैपुरा थाने में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद के मामलों को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांच कर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। कहा कि थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों की शासन स्तर पर समीक्षा होती है। ऐसे में थाना समाधान दिवस में आये मामलों को त्वरित गति से निस्तारित करें। निस्तारण में शिकायतकर्ता को भी सूचित करें कि वह संतुष्ट हैं या नहीं। इस मौके पर थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## अपराधियों को सजा दिलाने को एसपी ने दिये निर्देश



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की अध्यक्षता में पैरवी का कार्य देख रहे अधिकारी-कर्मचारियों के साथ हुई गोष्ठी में अपराधियों को सजा दिलाने को दिशा-निर्देश दिये।
शनिवार को पुलिस महानिदेशक उप्र के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन में पुलिस कार्यालय में हुई गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में जिले के सभी थानों में पैरवी का कार्य देख रहे अभियोजन उपनिरीक्षक एवं पैरोकार, मुख्य आरक्षी व आरक्षियों के साथ गोष्ठी हुई। उन्होंने गोष्ठी में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा दिलाने को दिशा-निर्देश दिए। गोष्ठी में संवेदनशील एवं प्रभावी मामलों का चिन्हीकरण कर न्यायालय के साथ तालमेल बनाने के आधार पर एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। गोष्ठी में सीओ लाइन शीतला प्रसाद पांडेय, मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक जेपी उपाध्याय, स्टेनो देवेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## वृक्ष पर्यावरण समेत औषधियों का हैं खजानाः जिला जज

### मेगा वृक्षारोपण हुआ




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पूर्णकालिक/अपर जिला जज फारुख इनाम सिद्दीकी ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देश व शासन के पत्र के क्रम में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में स्पेशल मेगा वृक्षारोपण के तहत पर्यावरण को संतुलित रखने को वृक्षारोपण किया।
शनिवार को जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने पर्यावरण को संतुलित रखने को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में मौजूद लोगों को बताया। जिला जज ने वृक्षारोपण का महत्व बताते हुये कहा कि यह वृक्ष ही हैं, जिन्होंने इस धरा को रहने के योग्य बनाया है। यह न केवल पर्यावरण को संतुलित करते हैं, बल्कि औषधियों का भी खजाना हैं। मानसिक तनाव को भी वृक्ष खत्म करते हैं। व्यक्ति मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहता है। पौधे पशु-पक्षियों सभी के लिये आसरा व सहारा के मजबूत स्तम्भ हैं।
स्पेशल मेगा वृक्षारोपण में अपर जिला जज प्रथम रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एससीएसटी दीपनारायण तिवारी, अपर जिला जज चतुर्थ नीरज श्रीवास्तव, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी, अपर जिला जज त्वरित न्यायालय संजय कुमार, अपर जिला जज त्वरित न्यायालय न्यू सुशील कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे, सिविल जज (सीडि) श्रीमती विदुषी मेहा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सुश्री संघमित्रा व अन्य न्यायिक अधिकारीगण, कोर्ट मैनेजर आरिज, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस व परिवहन ने गोष्ठी कर लोगों को किया जागरूक

### शांति देवी इंटर कालेज पहाड़ी में हुई गोष्ठी



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाडे की बाबत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी यातायात शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से शांति देवी इण्टर कॉलेज बरेठी रोड पहाड़ी में प्रदेश में बढ़ रहे हादसों की रोकथाम को यातायात जागरूकता गोष्ठी की।
शनिवार को गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। नियमों के पालन को समझाया। कहा कि अपने परिजनों से यातायात नियमों का पालन करने को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के प्रयोग एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट के प्रयोग को बतायें। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करे। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाए। 18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस बनवायें। साइकिल व वाहन से स्कूल आते-जाते समय हमेशा बायीं ओर चले और सावधानी से वाहन चलायें।
गोष्ठी में कॉलेज के प्रधानाचार्य शिवबरन तिवारी, प्रबंधक सुशील कुमार सिंह, संस्थापक चुनकूराम पटेल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी संतोष तिवारी, टीएसआई धर्मेश त्रिपाठी, टीएसआई शैलेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी यातायात देवेन्द्र राजपूत, मुख्य आरक्षी यातायात विनोद कुमार व अन्य शिक्षक स्टाफ एवं कॉलेज के छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। कार्यालय परिसर में सभी अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया।

## पालिका ने लगाये 12 हजार पौधे

### पौधरोपण की हुई शुरूआत



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत में पौधरोपण हुआ। नगर पालिका परिषद कर्वी के ईओ की अगुवाई में 12 हजार पौधे विभिन्न स्थानों पर लगाए गए। वार्ड मेम्बरों समेत पालिका कर्मियों व सभी सफाई नायक तथा कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया।
शुक्रवार को सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि विशेष वृक्षारोपण अभियान के तहत नगर पालिका ने 15 स्थानों तालाब सोनेपुर, श्मशान घाट, सुंदर घाट, खोही तालाब, कान्हा गौशाला डिलौरा, मरजादपुर एमआरएफ सेंटर, काशीराम कॉलोनी, एसडीएम कॉलोनी पार्क, धुस मैदान पार्क, गोल तालाब, बेड़ीपुलिया से रामघाट मार्ग, तरौंहा कलेक्ट्रेट मार्ग पर पौधे लगाए गए।
पौधरोपण में सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, राजस्व निरीक्षक राहुल पांडेय, प्रवीण श्रीवास्तव, राजेंद्र राम, कर्मोत्तम सिंह, सुभाष गुप्ता, ज्ञान चंद गुप्ता, रवि ज्ञानेंद्र, कौशल, शिवा कुमार, लवकुश कुमार, दीपक, बसंत यादव, संजय यादव, अशरफ खान, आमिर खान, धीरेन्द्र, अंकित जायसवाल मौजूद रहे।

## जानलेवा बीमारियों से बचाव को लगेंगे टीके: डॉ सुरेन्द्र

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल व सचिव डॉ सुधीर अग्रवाल ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव को तीन चरणों में सात से 12 अगस्त, 11 से 16 सितम्बर व नौ से 14 अक्टूबर तक सघन इन्द्रधनुष अभियान चलाया जायेगा। शनिवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल व सचिव डॉ सुधीर अग्रवाल ने कहा कि जानलेवा बीमारी टीबी, पोलियो, डायरिया, निमोनिया, काली खांसी, गलाघोंटू, टिटनेस, हेपेटाइटिस बी, खसरा, रुबेला, दीमागी बुखार से बचाव को तीन चरणों में सरकार टीकाकरण करेगी। अभियान में रविवार को छोडकर सप्ताह के प्रत्येक दिवसों में आंगनबाडी केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला अस्पताल में इन बीमारियों से संबंधित टीके निःशुल्क लगाये जायेंगे। अन्य स्थानों की जानकारी को क्षेत्र की आशा व आंगनबाडी कार्यकत्री से सम्पर्क करें।
उन्होंने सभी लोगों से कहा है कि जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण करायें, ताकि जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सके। जब भी आशा, एएनएम, आंगनबाडी आपके घर सूचना देने आये तो बच्चों एवं महिलाओं का टीकाकरण करायें। ग्रामीण स्वच्छता एवं पोषण दिवस में सभी गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच की जाती है।

## पुलिस ने 20 लीटर महुआ शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने राममनोहर पुत्र गया प्रसाद निवासी बिहरवां के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि त्रिपाठी, सिपाही अमित सिंह व महिला सिपाही रचना प्रजापति शामिल रही।

## पाल महासभा के कर्वी ब्लाक के पदाधिकारी चयनित

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अखिल भारतीय पाल महासभा ने संरक्षक मंडल सदस्य रामपाल की मौजूदगी में कर्वी ब्लॉक के रौली गड़रियन पुरवा में शिवनारायण पाल की अध्यक्षता में बैठक हुई।
शनिवार को अखिल भारतीय पाल महासभा के जिलाध्यक्ष कुबेर पाल ने अतिथियों का आभार जताते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया। खासतौर पर सुदामा पाल, गया प्रसाद पाल, रामेश्वर पाल, शिवचरण पाल, रामकरण पाल, राममूरत पाल, मनोज पाल, रामपाल, नरेंद्र पाल, पुष्पा, कृपाल, शुभ मुहूर्त पाल, मनोज पाल, सिरसिया पाल, छोटा पाल, मनमोहन पाल, रामचरण पाल, कोषाध्यक्ष महासभा शिवनारायण पाल, दराज पाल, रंजन पाल, सुमित पाल, सुरेश पाल, गोरेलाल पाल, विमल पाल, माता प्रसाद पाल, रामबली पाल, प्रमोद पाल, नत्थू पाल आदि ने बैठक में हिस्सा लेकर विचार रखे।
बैठक के बाद कर्वी ब्लाक के पदाधिकारियों का चयन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष रामनरेश पाल कसहाई, तहसील अध्यक्ष गया प्रसाद पाल रौली कल्याणपुर, न्याय पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र पाल, ब्लॉक सचिव राजकुमार पाल कर्वी माफी, कर्वी ब्लाक से जिले में पदाधिकारी सौरभ पाल हुडा बनाये गये। संचालन उपाध्यक्ष विनय पाल एड ने किया।

## पुलिस ने डेढ़ किलो गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की टीम ने पप्पू यादव पुत्र बासुदेव यादव निवासी भगवतपुर को डेढ किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया। थाने में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिंद, वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही शिवम मिश्रा, अंकित राजपूत, लवलेश यादव व महिला सिपाही करुणा सेंगर शामिल रहे।

## डॉक्टरों की टीम ने कराये दो सीजेरियन प्रसव

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओपी भास्कर की अगुवाई में एमसीएच विंग कर्वी में दो सीजेरियन प्रसव हुए। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ उषा सिंह, सर्जन डॉ विद्यासागर व निश्चेतक डॉ शिवचंद पटेल व टीम के सदस्यों ने सहयोग किया।
शनिवार को जिले के दो सौ बेड एमसीएच विंग की सौगात 2019 में मिली थी। कोविड-19 महामारी से निपटने को इस भवन का उपयोग हुआ था। वर्तमान में एमसीएच विंग को मां-बच्चे के स्वास्थ्य को क्रियाशील किया गया है। प्रतिदिन मरीजों का इलाज होता है। गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवायें दी जाती हैं।

## गैंगरेप का एक आरोपी समेत एक वारंटी दबोचा




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र में महिला को बुलाकर बुलेरो में शराब पिलाकर गैंगरेप करने के मामले में पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मऊ थाना पुलिस ने कामता प्रसाद को गिरफ्तार कर बुलेरो बरामद की है।
शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की टीम ने गैंगरेप के मामले में नामजद वांछित कामता प्रसाद पुत्र चुनकावन निवासी नेवरा को गिरफ्तार किया है। इसने विगत दिवस एक महिला को बुलाकर बुलेरो में ले जाकर शराब पिलाकर तीन लोगों ने दुष्कर्म किया था। महिला को गड्ढे में फेंककर भाग गये थे। टीम में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी, सिपाही अभिषेक कुमार व चालक राजकुमार शामिल रहे।
इसी क्रम में मानिकपुर थाने के दरोगा अरविन्द पाण्डेय की टीम ने एनडीपीएस एक्ट के वारंटी रज्जी पुत्र जोहरिया केवट निवासी गांधीनगर को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अरविंद पांडेय व सिपाही साकिर अली शामिल रहे।

## दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने जानकीशरण



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। चुनाव अधिकारी/प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी रीतेश सिंह व रवि कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में चुनाव हुए।
सर्वसम्मति व निर्विरोध दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ का गठन हुआ। शनिवार को दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जानकीशरण प्रजापति, महासचिव मो अनस अंसारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार शर्मा, शिवनारायण वर्मा, पंकज श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष उमेन्द्र कुमार तिवारी, विवेक राव, संरक्षक चन्द्रभान सिंह, संयुक्त सचिव विनेश कुमार पटेल, संगठन सचिव अनूप सिंह ललित, कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव रेनू सिंह, ललित कुमार श्रीवास्तव, रीतेश कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव, नरेन्द्र चतुर्वेदी व कार्यकारिणी में दिलीप विश्वकर्मा, गोविन्द प्रसाद, रघुवीर कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार द्विवेदी सदस्य बनाये गये हैं।

## कांगो में बम विस्फोट में कम से कम 9 लोगों की मौत, 12 घायल

**गोमा:** अफ्रीकी देश कांगो के एक गांव में बम विस्फोट होने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 12 घायल हुए हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रुतशुरु प्रांत के डिप्टी गवर्नर इसाक किबिरा ने बताया कि बुधवार शाम रुतशुरू के पूर्वी क्षेत्र में बम विस्फोट हुआ।



उन्होंने बताया कि समुदाय की रक्षा करने वाले एक स्थानीय लड़ाके को कोई अज्ञात वस्तु दिखी और जब उसने एक गांव के सेंटर पर उसकी पड़ताल की तो उसमें विस्फोट हो गया, जिसमें उस व्यक्ति की और आठ अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बम किसने रखा था, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि यह उस स्थान पर मिला, जहां हाल में सशस्त्र विद्रोहियों ने घुसपैठ की थी।

## ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह यूस में हिंदुओं का बंटवारा, प्रवासी भारतीय नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कैलिफोर्निया प्रांत के उच्च सदन (सीनेट) में राज्य के 10वें जिले की पहली मुस्लिम प्रतिनिधि आयशा वहाब ने जातिगत भेदभाव बिल पेश किया है। यह जातीय भेदभाव पर पाबंदी का पक्षधर है। अमेरिकी हिंदू समाज इसके विरोध में है। वह इसे भारतीय-अमेरिकियों के खिलाफ हथियार बता रहा है। बिल के विरोध में फ्रेमोंट में हुए कास्टकोन सम्मेलन में भारतीय-अमेरिकियों ने चिंता जताई कि जिस तरह से अंग्रेजों ने ईस्ट इंडिया कंपनी के दौर में भारतीय समाज को जातियों में बांटकर फायदा उठाया था, ठीक उसी तरीके से राजनीतिक लाभ के लिए इसे कैलिफोर्निया में लाया जा रहा है। आयोजकों ने कहा, जिन लोगों को अपना इतिहास नहीं पता है उन लोगों और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह समाज में एकजुटता के बजाय ध्रुवीकरण बढ़ाएगा।



वक्ताओं ने कहा, यह प्रांत के हिंदू-अमेरिकियों में भेदभाव लाएगा। भारतीय समुदाय की बढ़ती ताकत के विरुद्ध साजिश सम्मेलन में शामिल हुए एक स्थानीय अधिकारी ने विधेयक को भारतीय समुदाय की बढ़ती राजनीतिक ताकत के खिलाफ साजिश बताते हुए कहा, हम जानते हैं कि यह समुदाय लंबे समय से ब्रिटिश औपनिवेशिक विरासत को चुपचाप सहन कर रहा है। कैलिफोर्निया राज्य सीनेट का जातिगत भेदभाव प्रतिबंध को लेकर विधेयक, प्रवासी भारतीयों के घावों को कुरेदने जैसा है।

## पाकिस्तान में बारिश से 101 की मौत, 180 घायल

**इस्लामाबाद।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने कहा कि 25 जून को मानसून का मौसम शुरू होने के बाद से पाकिस्तान में कम से कम 101 लोग मारे गए हैं और 180 अन्य घायल हुए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एनडीएमए के अनुसार, पंजाब प्रांत 57 मौतों और 118 चोटों के साथ सबसे ज्यादा प्रभावित है। गुरुवार शाम तक, भारी बारिश के कारण प्रांतीय राजधानी लाहौर सहित पंजाब में 53 घर भी नष्ट हो गए। लाहौर में मूसलाधार बारिश को पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने ÷रिकॉर्ड तोड़÷ करार दिया, इससे शहर में बाढ़ आ गई, कई इलाके जलमग्न हो गए और सड़क यातायात घंटों तक बाधित रहा।




रावलपिंडी में भी बुधवार को 12 घंटे से अधिक समय तक भारी बारिश हुई, इसके परिणामस्वरूप नदियों और नालों में जल स्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ गया और स्थानीय नगरपालिका प्राधिकरण को किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने में मदद के लिए सेना बुलानी पड़ी। बुधवार को शहर में भारी बारिश के कारण एक निर्माणाधीन पुल की दीवार अस्थायी तंबू में रह रहे मजदूरों पर गिर गई, इससे कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। जिला प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार, वर्षा मापक केंद्रों ने शहर के कई इलाकों में 200 मिमी तक बारिश दर्ज की, इससे शहरी बाढ़ और छत गिरने की घटनाएं हुईं। एनडीएमए ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारिश से जुड़ी अलग-अलग दुर्घटनाओं में 25 लोगों की मौत हो गई और 41 अन्य घायल हो गए।

## अमेरिका के लोकप्रिय सिंगर टोनी बेनेट का 96 वर्ष की आयु में निधन

**न्यूयॉर्क।** वर्ल्ड म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने आइकॉनिक सॉन्ग से सात दशक तक करोड़ों दिलों पर राज करने वाले टोनी बेनेट का निधन हो गया।

96 वर्षीय टोनी ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में अपने पुश्तैनी आवास में आखिरी सांस लीं। टोनी के निधन से चाहने वालों का दिल टूट गया। टोनी बेनेट के प्रवक्ता सिल्विया वेनर ने उनके निधन की पुष्टि की। प्रवक्ता सिल्विया वेनर के अनुसार इतालवी आप्रवासी परिवार में जन्मे टोनी का असली नाम एंथोनी डोमिनिक बेनेडेटो था। टोनी 10 साल के थे, तभी उनके पिता की मौत हो गई। उन्होंने न्यूयॉर्क के स्कूल ऑफ इंडस्ट्रियल आर्ट में संगीत और पेंटिंग की पढ़ाई की। उन्हें 1944




में द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में अमेरिकी सेना में शामिल किया गया। इस युद्ध के बाद टोनी ने सिंगिंग करियर शुरू किया। उन्होंने 1950 के दशक की शुरुआत में टाइम्स स्क्वायर के पैरामाउंट में दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

उनका पहला गाना था- 'जो बारी'। उन्हें लोकप्रियता 'बिकॉज ऑफ यू' गीत से मिली। टोनी ने 20 ग्रेमी अवॉर्ड्स जीते। उन्हें एक लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और दो प्राइम टाइम एमी अवॉर्ड्स से भी सम्मानित किया जा चुका है।टोनी बेनेट ने अपनी जिंदगी में दो बार घर बसाया।

उनकी पहली शादी साल 1952 में पेट्रीसिया बीच से हुई। पेट्रीसिया से 1971 में तलाक हो गया। 2007 में टोनी ने सुसान क्रो से दूसरी शादी की। उनके चार बच्चे हैं। वह अल्जाइमर रोग से पीड़ित थे। उन्होंने आखिरी प्रस्तुति अगस्त 2021 में रेडियो सिटी म्यूजिक हॉल में वन लास्ट टाइम शो में लेडी गागा के साथ दी।

## डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ अगले साल 20 मई से शुरू होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प को अगले साल मई से संघीय अदालत के कठघरे में खड़ा होना होगा। संघीय अदालत के न्यायाधीश एलीन एम. कैनन ने शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई के लिए तारीखों की घोषणा की। उन्होंने पहली तारीख 20 मई, 2024 मुकर्रर की है। डोनाल्ड पर संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े 31 गोपनीय दस्तावेजों को अवैध तरीके से अपने पास रखने का आरोप है।स्औार जानें



दिलचस्प यह है अगले साल अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की गहमागहमी और तेज हो जाएगी। यह संभव है कि रिपब्लिकन पार्टी ट्रम्प को उम्मीदवार घोषित करे। अगर ऐसा होता है तो ट्रम्प को कानून और जनता दोनों की अदालत का सामना करना होगा। न्यायाधीश कैनन के फैसले पर अमेरिकी न्याय विभाग ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ जासूसी अधिनियम के उल्लंघन का भी गंभीर आरोप है।

## पाकिस्तान में तीन हिन्दू बहनों का अपहरण कर जबरन मुस्लिम युवकों से कराया विवाह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हिन्दुओं के साथ अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पाकिस्तान के सिंध प्रांत में तीन हिन्दू बहनों का अपहरण कर जबरन मुसलमानों से उनका विवाह करा दिया गया। इन हिन्दू बहनों का विवाह उन लोगों से ही करा दिया गया, जो उनका अपहरण करके लाए थे। पाकिस्तान के एक प्रमुख अल्पसंख्यक अधिकार समूह पाकिस्तान दरेवर इतेहाद के प्रमुख शिव काछी ने जानकारी दी कि सिंध प्रांत के ढरकी इलाके के एक हिन्दू व्यापारी की तीन बेटियों का अपहरण किया गया। हिन्दू व्यापारी लीला राम की बेटियों चांदनी, रोशनी और परमेश कुमारी का पहले अपहरण किया गया और फिर उन्हें जबरन मुसलमान बनाया गया। जबरन धर्मांतरण एक पीर जावेद अहमद कादरी द्वारा किया गया था। बाद में उनकी शादी भी मुस्लिम पुरुषों से कराई गई। उन्होंने कहा कि



तीनों बहनों की शादी उन्हीं पुरुषों से हुई थी, जिन्होंने उनका अपहरण किया था।

काछी ने कहा कि उनके संगठन ने कई मंचों पर इसके खिलाफ आवाज उठाई है लेकिन हिन्दू लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन की समस्या बदस्तूर जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस और अधिकारी दोषियों को नहीं पकड़ रहे हैं। हिन्दुओं के घरों पर हमले भी लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले सप्ताह डकैतों के एक गिरोह ने सिंध प्रांत के काशमोर इलाके में एक हिंदू मंदिर के साथ-साथ आसपास के हिंदुओं के घरों पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया था।

## नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने दिया भूमि घोटाले में गिरफ्तार संचार सचिव को रिहा करने का आदेश

**काठमांडू।** सुप्रीम कोर्ट ने नेपाल में पूर्व प्रधान मंत्री और अन्य उच्चस्तरीय अधिकारियों से जुड़े भूमि घोटाले में गिरफ्तार किए गए संचार सचिव कृष्ण बहादुर राउत को रिहा करने का आदेश दिया है। शुक्रवार को कोर्ट ने उन्हें रिहा करने का आदेश देते हुए कहा कि उन्हें हिरासत में रखकर जांच करने का कोई कारण नहीं है।

सचिव राउत काठमांडू में प्रधानमंत्री के आवास बालुवाटार के पास एक भूमि घोटाले में शामिल थे। सार्वजनिक जमीन को निजी बनाने के इस मामले से पूर्व प्रधानमंत्रियों का नाम भी जुड़ गया है । पूर्व मंत्री, पूर्व सचिव, जाने-माने बिजनेसमैन समेत 400 से



ज्यादा लोग जांच के दायरे में हैं। कुछ को गिरफ्तार किया गया है ।

नेपाल पुलिस की सीआईबी ने सचिव राउत को भूमि घोटाले में शामिल होने के आरोप में 9 जुलाई को गिरफ्तार किया था । आरोप है कि सचिव राउत जब भूमि सुधार मंत्रालय के अधिकारी थे, तब बालुवाटार भूमि घोटाले में शामिल थे ।

गौरतलब है कि नेपाल में प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार बड़े भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की फाइल खोल रही है। इस प्रक्रिया में ऊंचे पदों पर पहुंचे लोगों को भी जांच के दायरे में लाया गया है ।

## 'हम पर परमाणु हमला उत्तर कोरिया के शासन का अंत होगा', दक्षिण कोरिया ने दी किम जोंग को चेतावनी

**सोल।** उत्तर कोरिया की तरफ से लगातार बढ़ते मिसाइल और रॉकेट परीक्षणों के बीच दक्षिण कोरिया ने किम जोंग-उन शासन के लिए चेतावनी जारी की है। सोल की तरफ से कहा गया है कि अगर उत्तर कोरिया उस पर किसी भी तरह का परमाणु हमला करता है तो यह किम जोंग-उन के नेतृत्व वाले शासन का अंत होगा। हाल ही में अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच सैन्य स्तर पर हथियारों की तैनाती को लेकर बातचीत हुई थी। इससे भड़कते हुए उत्तर कोरिया ने एक मिसाइल टेस्ट किया था। साथ ही चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि क्षेत्र में अमेरिका की परमाणु क्षमता वाली सबमरीन और अन्य कूटनीतिक संपत्तियों की तैनाती उसके न्यूक्लियर हथियार इस्तेमाल करने की मजबूरी बन सकती है। **उत्तर कोरिया ने दी थी परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी** गौरतलब है कि उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री कैंग सुन-नैम ने एक दिन पहले ही अमेरिका की 18,750 टन वजनी ओहायो क्लास मिसाइल सबमरीन (एसएसबीएन) यूएसएस केन्टकी के दक्षिण कोरिया आने की निंदा की थी। 1981 के बाद यह पहली बार है, जब अमेरिका ने अपनी सबमरीन दक्षिण कोरिया भेजी है। अमेरिकी नौसेना की यह सबमरीन दोनों देशों के बीच पहले परमाणु परामर्श समूह (एनसीजी) की बैठक के मद्देनजर मंगलवार को बुसान पहुंची थी। इसे लेकर ही उत्तर कोरिया ने दोनों देशों को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी दी थी। दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया की इस धमकी पर कहा कि किम शासन के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल परीक्षण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों और का स्पष्ट उल्लंघन हैं। मौजूदा समय में दक्षिण कोरिया और अमेरिकी गठबंधन को परमाणु हमलों की धमकी देने वाला उत्तर कोरिया एकमात्र देश है। दक्षिण कोरिया ने चेतावनी दी है कि अगर परमाणु हमले जैसी कोई घटना होती है तो इसका जवाब तुरंत, बड़े स्तर पर




और अंतिम होगा। हम इसके (हमले के) खिलाफ चेतावनी देते हैं, क्योंकि यह उत्तर कोरिया के शासन का ही अंत होगा। **उत्तर कोरिया ने फिर किया क्रूज मिसाइलों का परीक्षण** इस बीच उत्तर कोरिया ने शनिवार सुबह एक बार फिर क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया की तरफ से यह मिसाइलें चीन और कोरियाई प्रायद्वीप के बीच यलो सी में दागी गईं। इन्हें सुबह करीब 4 बजे दागा गया। जेसीएस के मुताबिक, दक्षिण कोरिया और अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इन हरकतों पर करीब से नजर रख रही हैं।

## कनाडा के पुलिस विभाग तक चीन की पहुंच, रिटायर्ड अफसर पहुंचा रहा था खुफिया जानकारी, गिरफ्तार

**ओटावा।** अमेरिकी और यूरोपीय महाद्वीप पर चीन के जासूसी तंत्र की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। खासकर सरकारी विभागों में चीन ने तेजी से घुसपैठ बढ़ाई है। साइबर हमलों के साथ-साथ चीन ने अपने जासूसों को भी कई विभागों में काम पर लगाया है। ऐसा ही एक ताजा मामला कनाडा से सामने आया है, जहां एक 60 वर्षीय रिटायर्ड पुलिसकर्मी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि वह अवैध तरीके से चीन की मदद कर रहा था। इस मामले की जांच 2021 में शुरू हुई थी। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने बताया कि गिरफ्तार पुलिसकर्मी का नाम विलियम मैजशर है और वह मूल रूप से हॉन्गकॉन्ग का है। मैजशर ने कथित तौर पर अपनी जानकारी और नेटवर्क का इस्तेमाल चीन को फायदा पहुंचाने वाली खुफिया जानकारी को इकट्ठा करने में किया। पुलिस के मुताबिक, मैजशर के खिलाफ सूचना सुरक्षा कानून और विदेशी संगठन के लिए जासूसी और साजिश रचने के मामलों में केस दर्ज किया गया है। मैजशर की इन संदिग्ध गतिविधियों को लेकर 2021 में जांच बिठाई गई थी। आरोप है कि इस रिटायर्ड अफसर ने कनाडा के




कानून के दायरे से बाहर रहे लोगों की पहचान और उन्हें डराने में भी चीन सरकार की मदद की। गौरतलब है कि चीन और कनाडा के बीच बीते कुछ वर्षों में रिश्ते काफी खराब हुए हैं। इसी साल मई में कनाडा ने चीन के राजनयिक झाओ वेई को लौटा दिया था। वेई पर कनाडा की राजनीति में दखल देने के आरोप लगे थे। हालांकि, चीन की तरफ से इन आरोपों को गलत करार दिया गया था। इस साल मार्च में भी कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा के चुनावों में दखल से जुड़ी रिपोर्ट्स को लेकर जांच बिठाने का एलान किया था। आरोप हैं कि चीन ने 2019 और 2021 में कनाडा के चुनावों में दखल देने के प्रयास किए।

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के खतरों से मिलकर निपटेंगे भारत-अमेरिका, पीएम मोदी ने किया था बार-बार जिक्र

**वॉशिंगट।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की वैज्ञानिक सलाहकार भारतीय मूल की आरती प्रभाकर का कहना है कि अमेरिका और समान सोच वाले देशों जैसे भारत को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। बता दें कि अमेरिका की सरकार तकनीक की दिग्गज कंपनियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि एआई तकनीक का गलत इस्तेमाल ना हो। इसके लिए शुक्रवार को तकनीकी कंपनियां साथ आईं और उन्होंने सरकार के साथ बातचीत की। **एआई पर** काम किया जाए। आरती प्रभाकर ने कहा कि हालिया पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों



देशों के नेताओं के बीच भी एआई तकनीक पर बात हुई। **पीएम मोदी ने भी किया था बार-बार जिक्र** आरती प्रभाकर ने कहा कि जब वैश्विक नेता, राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलते हैं तो उनके दिमाग में एआई का भी मुद्दा होता है। जब प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया था, तब भी उन्होंने एआई पर बात की। साथ ही स्टेट डिनर और अन्य कार्यक्रमों में भी पीएम मोदी ने बार-बार एआई की बात की। **एआई तकनीक के नुकसानों को रोकने की चुनौती** डॉ. प्रभाकर ने कहा कि हम इस दिशा में काम कर रहे हैं कि कंपनियों को जवाबदेह ठहराया जाए और आज इस दिशा में अहम प्रगति हुई है। हम एआई के लिए कानून बनाने की भी तैयारी कर रहे हैं। इससे एआई के नुकसानों से निपटने की हमारी क्षमता में इजाफा होगा। हम एआई के सुरक्षित और विश्वासपात्र बनाना चाहते हैं ताकि यह लोगों की बेहतरी में इस्तेमाल हो सके। **तकनीकी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही सरकार** बता दें कि शुक्रवार को जिन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अमेरिकी सरकार से मुलाकात की, उनमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, मेटा, और कुछ अन्य छोटी एआई कंपनियों के प्रतिनिधि थे। आरती प्रभाकर ने कहा कि एआई तकनीक से धोखाधड़ी आसान हो गई है। साइबर अपराध बढ़ रहे हैं और समय के साथ ये बढ़ते जाएंगे। ऐसे में हम एआई तकनीक के नुकसानों को रोकने और इससे होने वाले फायदों को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रभाकर ने कहा कि एआई मौजूदा समय की सबसे ताकतवर तकनीक है।


**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


## पेटीएम के पास साल के अंत तक होगा मुक्त नकदी प्रवाह : सीईओ

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को इस साल के अंत तक मुक्त नकदी प्रवाह की स्थिति में आने की उम्मीद है। पेटीएम के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने शनिवार को यह बात कही।

## पहली बार अमेरिका में महिला बनेगी नौसेना प्रमुख, बाइडन ने एडमिरल लीजा फ्रांचेटी को चुना

**वाशिंगटन डीसी** राष्ट्रपति जो बाइडन ने एडमिरल लीजा फ्रांचेटी को अमेरिकी नौसेना का नेतृत्व करने के लिए चुना है। यदि अमेरिकी सीनेट उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे देती है तो वह अमेरिका में किसी भी सैन्य सेवा की प्रमुख बनने वाली पहली महिला होंगी। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने नेवी के पैसिफिक बेड़े के कमांडर एडमिरल सैमुअल पेपारो को इस पद पर नियुक्त करने की सिफारिश की थी लेकिन उन्हें यूएस इंडो-पेसिफिक कमांड का प्रमुख नामजद किया गया है। वैसे इन दोनों ही नियुक्तियों की सूचना अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। फ्रांचेटी अभी नौसेना की उप प्रमुख हैं। वह 1985 में नौसेना में शामिल हुईं थीं। उनकी आधिकारिक जीवनी के अनुसार, उन्होंने अमेरिकी नौसेना बल में कोरिया के कमांडर, युद्ध के लिए नौसेना संचालन के उप प्रमुख और रणनीति के निदेशक, योजनाओं और नीति के निदेशक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने दो कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की कमान भी संभाली है और सितंबर 2022 में नौसेना की उप प्रमुख बनीं। राष्ट्रपति बाइडन ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि हमारे अगले नौसेना संचालन प्रमुख के रूप में एडमिरल लीजा फ्रांचेटी एक कमीशन अधिकारी के रूप में हमारे देश में 38 वर्षों की समर्पित सेवा प्रदान करेंगी, जिसमें नौसेना संचालन के उप प्रमुख के रूप में उनकी वर्तमान भूमिका भी शामिल है। बाइडन ने



कहा कि अपने पूरे करियर के दौरान एडमिरल फ्रांचेटी ने परिचालन और नीति दोनों क्षेत्रों में व्यापक विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है। वह अमेरिकी नौसेना में चार सितारा एडमिरल का पद हासिल करने वाली दूसरी महिला हैं और जब इसकी पुष्टि हो जाएगी, तो वह नौसेना संचालन प्रमुख और संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में सेवा देने वाली पहली महिला के रूप में फिर से इतिहास बनाएंगी। बाइडन ने शुक्रवार को यह भी घोषणा की कि वह यूएस फ्लीट फोर्सेज कमांड के डिप्टी कमांडर वाइस एडमिरल जेम्स किल्बी को अगले नौसेना उप प्रमुख के रूप में नामित कर रहे हैं और अमेरिकी नेवी के पैसिफिक बेड़े के कमांडर एडमिरल सैमुअल पेपारो को इंडो-पैसिफिक कमांड के कमांडर के रूप में प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सेना का नेतृत्व करने के लिए नामित कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने नामांकन की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक एडमिरल यह सुनिश्चित करेगा कि हमारी अमेरिकी नौसेना और इंडो-पैसिफिक में संयुक्त बल अब तक की सबसे बेहतरीन सैन्य शक्ति बनी रहे और दुनिया भर में शक्ति का प्रदर्शन करने, समुद्र की स्वतंत्रता की रक्षा करने और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने के हमारे काम के केंद्र में होंगे।

## भारतीय मूल के पुलिस अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, नस्लीय भेदभाव के लगाए थे आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भारतीय मूल के पुलिस अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मरने से पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में पुलिस अधिकारी ने अपने साथ पुलिस विभाग में नस्लीय भेदभाव होने के गंभीर आरोप लगाए थे। अब सिंगापुर के कानून और गृह मामलों के मंत्री के षणमुगम ने सिंगापुर पुलिस फोर्स को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस अधिकारी ने आरोप लगाए थे कि उसके कार्यालय में उसे नस्लीय भेदभाव और प्रताड़ित किया जा रहा था। **रिहायशी बिल्डिंग में बेहोश मिले पुलिस अधिकारी** मृतक पुलिस अधिकारी की पहचान उवाराजा गोपाल (36 वर्षीय) के रूप में हुई है। गोपाल शुक्रवार को यिशुन हाउसिंग



एस्टेट में अपार्टमेंट ब्लॉक में बेहोश पाया गया था। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। गोपाल की मौत पर षणमुगम ने शुक्रवार शाम को एक फेसबुक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने दिवंगत पुलिस अधिकारी के परिवार के प्रति संवेदनाएं साझा की और कहा कि उन्होंने पुलिस को अधिकारी की मौत की जांच करने के निर्देश दिए हैं। सिंगापुर के गृह मंत्री ने साझा की पोस्ट मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंगापुर के गृह मंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उवाराजा गोपाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया था कि वह सिंगापुर पुलिस फोर्स में नस्लीय भेदभाव का सामनना कर रहे हैं। ये आरोप बेहद गंभीर हैं। मैंने एसपीएफ से इसकी जांच के निर्देश दिए हैं। हम इसकी तह तक जाएंगे और जवाबदेही तय करेंगे। पुलिस विभाग की नीति है कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा और यह सभी पर लागू होगी।

## जापान के इबाराकी में 4.8 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** जापान के टोक्यो के उत्तर-पूर्व में इबाराकी प्रान्त के कुछ हिस्सों में 4.8 तीव्रता का भूकंप आया, मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। समाचार ने जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के हवाले से बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10:52 बजे 50 किमी की गहराई पर आया। इसकी तीव्रता जापान के भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर 4 मापी गई।